mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-02 अंक-224 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

मनेन्द्रगढ़
14 अगस्त 2026 शुक्रवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

मनेन्द्रगढ़, रीवा एवं सतना से एक साथ प्रकाशित

### ष्टरू रेखा ने कोंडली पुल का किया उद्घाटन

# दिल्ली में जाम से मिलेगी राहत; नोएडा से बेहतर होगी कनेक्टिविटी

**पूर्वी दिल्ली।** क्या आप भी रोजाना कोंडली-गाजीपुर रोड और नोएडा मोड़ के भीषण जाम में फंसकर परेशान हो जाते हैं? अगर हां, तो आज का दिन आपके लिए बड़ी राहत लेकर आ सकता है। पूर्वी दिल्ली के इस सबसे व्यस्त ट्रैफिक कॉरिडोर में आज एक ऐसा बदलाव होने जा रहा है, जिसका असर सीधे हजारों लोगों की रोजमर्रा की यात्रा पर पड़ेगा।

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, आप सभी लोग अपने घर पर तिरंगा लगाएं और उसके साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर डालें। तिरंगा हमारी ताकत है। जाम से मिलेगी राहत स पुल के शुरू होने से कोंडली-गाजीपुर रोड और नोएडा मोड़ के आसपास लगने वाले लंबे ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। यह इलाका लंबे समय से यातायात दबाव और रोजाना लगने वाले जाम की समस्या से जूझ रहा था, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। घंटों लगा रहता था जाम कोंडली में बनने वाला यह नया पुल स्थानीय लोगों के लिए एक बड़ी सौगात माना जा रहा है। खासकर नोएडा मोड़ के पास सुबह और शाम के समय भारी ट्रैफिक के कारण घंटों जाम की स्थिति बनी रहती थी। ऑफिस जाने वाले कर्मचारी, स्कूल बसें और मालवाहक वाहन अक्सर इस जाम में फंस जाते थे, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती थी।



#### पिछली सरकार ने काम नहीं किया

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, विकास के लिए दिल्ली वर्षों से तरस रही थी। पिछली सरकार के पास काम करने की इच्छा नहीं थी। 80 हजार में से 20 हजार वापस केंद्र के पास चली गई थी। इस पुल की स्वीकृति पिछली सरकार ने नहीं दी थी। हमारी सरकार ने निधि आवंटित कराकर इन पुलों का निर्माण कराया है। उन्होंने कहा, पिछले 12 साल में जितना काम नहीं हुआ, उससे ज्यादा काम हमने डेढ़ साल में कर दिया है।

# प्रियंका गांधी के गोमूत्र-एक्सपर्ट वाले बयान के खिलाफ ऑनलाइन मुहिम



**नई दिल्ली,एजेंसी।** आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामकोटी को 'गोमूत्र एक्सपर्ट' बताने वाले प्रियंका गांधी के बयान पर विवाद बढ़ गया है। उनके खिलाफ एक ऑनलाइन मुहिम शुरू की गई है। इसे 13 अगस्त सुबह 9 बजे तक 14 हजार लोगों का समर्थन मिल चुका है। यह मुहिम Change.org पर शुरू गई गई है। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मामले का संज्ञान लेने की मांग की गई है। साथ ही, प्रियंका से कमेंट वापस लेने और माफी की मांग की गई है। 38 से ज्यादा देशों में रह रहे भारतीय वैज्ञानिकों ने भी इसका समर्थन किया है। दरअसल, एंटी पेपर लीक बिल पर लोकसभा में चर्चा के दौरान प्रियंका ने IIT मद्रास के निदेशक वी. कामकोटी का नाम लिए बिना कहा था, 'सरकार की बनाई नई कमेटी में एक्स-IB चीफ, IT कंपनी के मालिक और गोमूत्र के विशेषज्ञ हैं। गोमूत्र विशेषज्ञ को शिक्षा के बारे में क्या पता होगा।' 2025 में कामकोटि का वीडियो आया था 2025 में प्रो. कामकोटि का एक वीडियो सामने आया था। इसमें वे दावा करते नजर आ रहे थे कि गाय की यूरिन यानी गोमूत्र में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होता है। ये कई बीमारियों को ठीक कर सकता है। इन बीमारियों में IBS या इरिटेबल बाउल सिंड्रोम भी शामिल है।

# पंजाब के आप मंत्री के 3 दोस्तों की मौत

### लुधियाना में कार छप्पड़ में गिरते ही डूबी

**जगराओं (लुधियाना),एजेंसी।** लुधियाना में आप मंत्री हरपाल सिंह चीमा के करीबी 3 दोस्तों की मौत हो गई, जबकि उनके दो साथी घायल हैं। 5 लोग नकोदर से कार में सवार होकर दिड़बा आ रहे थे। जगराओं से करीब 12 किलोमीटर दूर रायकोट के पास गांव बसियां के पास रात 1:15 बजे उनकी कार अचानक बेकाबू हो गई। इसके बाद कार सीधी छप्पड़ (तालाब) में जा गिरी। कार इतनी तेजी से पानी में समाई कि किसी को भी बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। मृतकों में आम आदमी पार्टी के नेता बलकार सिंह, विशाल और संदीप शामिल हैं। मृतक संदीप के मामा शेर ने कहा कि उन्हें रात को फोन किया, तो उन्होंने कहा कि माथा टेक कर जा रहे हैं। फिर बड़े भांजे का फोन आया कि छोटे का जालंधर के पास एक्सीडेंट हुआ है।

# जेल में प्रज्वल रेवन्ना के फोन से 90 पोर्न-वीडियो मिले, नई एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली,एजेंसी।** बेंगलुरु की सेंट्रल जेल में बंद पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मोबाइल में 90 पोर्न वीडियो मिले हैं। जब्त फोन की फोरेंसिक जांच जारी है। जांचकर्ता फोन में मौजूद वीडियो, तस्वीरों और अन्य डिजिटल डेटा की जांच कर रहे हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि सामग्री कहां से आई और इसका आपराधिक मामले से कोई संबंध है या नहीं।

सेंट्रल क्राइम ब्रांच (CCB) ने मंगलवार को जेल में छापेमारी की थी। रेवन्ना के पास फोन मिलने के बाद नई FIR दर्ज की गई है। जेल में बंद अंडरट्रायल कैदी प्रताप राय को भी मामले में आरोपी बनाया गया है।

● **मेड ने प्रज्वल पर कई बार रेप का आरोप लगाया था**– प्रज्वल के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने अप्रैल 2024 में उसके खिलाफ स्नङ्घक्रदर्ज कराई थी। उसने प्रज्वल पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। कोर्ट ने 18 जुलाई 2025 को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। प्रज्वल के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे।

### बारिश का कहर:जयपुर में बारिश से पेड़ गिरे, बस पलटी, ट्रैफिक जाम

# उत्तराखंड के देहरादून-टिहरी में लैंडस्लाइड; अगले 4 दिन 15 राज्यों में बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली,एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने से बुधवार को 20 राज्यों में अच्छी बारिश हुई। अगले 4 दिनों तक मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत 15 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। राजस्थान के 5 से ज्यादा जिलों में बुधवार को तेज बारिश हुई। जयपुर में 4 घंटे से ज्यादा पानी बरसा। पानी से भरे गड्ढे के कारण बस पलट गई। बारिश और पेड़ गिरने से करीब सात घंटे तक शहर के ज्यादातर हिस्सों में ट्रैफिक जाम रहा। उधर,



उत्तराखंड के देहरादून-मसूरी मार्ग पर लैंडस्लाइड के चलते मलबा सड़क पर आ गिरा। इससे दोनों ओर करीब 10 किमी लंबा जाम लग गया। टिहरी में लैंडस्लाइड से NH-70|A पर पीपलडाली के पास कई वाहन फंस गए। यात्रियों को परेशानी हुई। राज्य के 9 जिलों में 67 सड़कें बंद हैं। मध्य प्रदेश के कई जिलों में लगातार चार दिनों से तेज बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश में बारिश से 204 सड़कें बंद हैं। बाढ़ प्रभावित असम के लिए बंगाल सीएम राहत कोष से 10 करोड़ की मदद पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित असम के लिए 10 करोड़ रुपए की मदद का ऐलान किया है। यह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जाएगी। असम में बाढ़ से अब तक 103 लोगों की मौत हो चुकी है और राहत-बचाव जारी है। असम सरकार राहत और पुनर्वास पर करीब 1,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी। नुकसान का आकलन मोबाइल ऐप से किया जा रहा है। अब तक 8,325 परिवारों का सर्वे हो चुका है और इसे 15 सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा: माल्या-एसबीआई विवाद खत्म करें



**मुंबई,एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने भगोड़े कारोबारी विजय माल्या और बैंकों के बीच चल रहे कॉमर्शियल विवाद को अब खत्म करने की बात कही है। जस्टिस मिलिंद जाधव की सिंगल जज बेंच ने माल्या की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अगर दोनों पक्ष इस विवाद से आगे नहीं बढ़ते हैं, तो इसका देश की अर्थव्यवस्था पर सीधा और नकारात्मक असर पड़ेगा। कोर्ट ने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ED से जांच की मौजूदा स्थिति और अटैच की गई संपत्तियों का ब्योरा भी मांगा है।

### झारखंड छात्र आंदोलन- 500 प्रदर्शनकारियों पर एफआईआर

# 16 अगस्त को सीएम हाउस घेराव की तैयारी; 6 छात्र अनशन पर



**रांची,एजेंसी।** झारखंड छात्र आंदोलन गुरुवार को 20वें दिन भी जारी है। छात्र रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में धरने पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारियों ने 10 अगस्त को विधानसभा घेराव किया था। इसके चलते 500 प्रदर्शनकारियों पर FIR दर्ज की गई है। अब छात्र 16 अगस्त को ष्टरू हाउस घेराव की तैयारी कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे छात्र राधे कुमार ने कहा, 'प्रदर्शन को 20 दिन हो गए हैं। 2 दिन बाद 15 अगस्त है। हम भी स्वतंत्रता दिवस मनाना चाहते हैं। दुर्भाग्य है कि सीएम हमारी मांग नहीं सुन रहे हैं।' छात्रों की मांग है कि जब तक JSSC-CGL परीक्षा रद्द और मामले की CBI जांच नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। छात्र अब अपनी मांगों को लेकर सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बातचीत करना चाहते हैं। छात्रों का आरोप है कि उनके नेता देवेंद्रनाथ महतो को सरकार ने कैद कर लिया है, उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा। उनका हेल्थ अपडेट्स भी नहीं मिल रहा।

#### पूर्व सीएम रघुवर दास छात्रों से मिले

बुधवार की शाम झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और BJP नेता रघुवर दास छात्रों से मिलने धरनास्थल पर पहुंचे। यहां उन्होंने कहा,'अगर एक हफ्ते के अंदर पूरे मामले की CBI जांच का आदेश नहीं दिया गया, तो मैं भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर अनशन पर बैठूंगा। मैं यह विरोध तब तक जारी रखूंगा जब तक यह भरोसा नहीं दिलाया जाता कि झारखंड के छात्रों का भविष्य अब खतरे में नहीं पड़ेगा।'

# पुतिन पहली बार जापान के दावे वाले कुरील आइलैंड पहुंचे

### ● जापान बोला- ये हमारा हिस्सा; 80 साल से 4 द्वीपों को लेकर दोनों में विवाद

**मॉस्को/टोक्यो,एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को पहली बार जापान के दावे वाले विवादित कुरील द्वीप समूह का दौरा किया। क्रेमलिन ने पुतिन के दौरे का वीडियो जारी किया। उन्होंने कुरील द्वीप पर एक फिश प्रोसेसिंग प्लांट का दौरा किया। पुतिन की इस यात्रा के बाद जापान ने कड़ा विरोध जताया और कहा कि यह इलाका उसका हिस्सा है। रूस और जापान के बीच प्रशांत महासागर में 4 द्वीपों को लेकर 80 साल से विवाद है। जापान इसे नॉर्दर्न टेरिटरीज कहता है जबकि रूस इन्हें कुरील आइलैंड ग्रुप का हिस्सा मानता है।

● **रूस और जापान में 4 द्वीपों को लेकर विवाद**–रूस और जापान के बीच प्रशांत महासागर में स्थित चार द्वीपों को लेकर विवाद है। जापान इन्हें 'नॉर्दर्न टेरिटरीज' (उत्तरी क्षेत्र) कहता है, जबकि रूस इन्हें कुरील द्वीप समूह का हिस्सा मानता है। द्वितीय विश्व युद्ध के आखिरी दिनों में 1945 में सोवियत संघ ने इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया था।



इसके बाद यहां रहने वाले करीब 17 हजार जापानी नागरिकों को वहां से हटा दिया गया। कब्जे के बाद सोवियत संघ ने यहां हवाई और नौसैनिक अड्डे बनाए।

# मप्र के बालाघाट जिले में रहस्यमयी बीमारी से अब तक आठ बच्चों की मौत



**भोपाल,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के आदिवासी इलाकों में रहस्यमयी बीमारी के चलते 26 जून से अब तक आठ बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से एक बच्चे की मौत मंगलवार की रात ही हुई है। जबलपुर मेडिकल कॉलेज और बालाघाट के डॉक्टरों की टीम ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया, लेकिन मौतों की असली वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। दरअसल, बालाघाट जिले की अडोरी और मछुरदा पंचायत के बैगा बहुल आदिवासी इलाकों में पिछले दो माह से अज्ञात बीमारी से सैकड़ों बच्चे बीमार हो चुके हैं। इसी बीमारी से पीड़ित तीन वर्षीय प्रियंका धुर्वे 09 अगस्त को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उसने 11 अगस्त की रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके साथ ही क्षेत्र में इस बीमारी से जान गंवाने वाले बच्चों की संख्या आठ हो गई है। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन के मुताबिक, बच्ची कई बीमारियों से ग्रसित थी। जबलपुर से जांच के लिए पहुंची टीम ने बताया कि बीमार बच्चों में न्युमोनिया, एनीमिया यानी खून की कमी, डिहाइड्रेशन, बुखार, खुजली, मलेरिया और किडनी पर असर जैसे लक्षण मिले हैं। सैंपल पुणे की लैब में भेजे गए हैं। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।



### आप नहीं करेंगे तो हम आदेश देंगे

# पैकेज्ड फूड पर चेतावनी लेबल को लेकर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को अल्टीमेटम


**नई दिल्ली,एजेंसी।** पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर चेतावनी लेबल लगाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और FSSAI को कड़ा अल्टीमेटम दिया है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को उच्च मात्रा में चीनी, नमक और संतृप्त वसा वाले पैकेटबंद खाद्य उत्पादों पर सामने की तरफ चेतावनी लेबल लगाने के लिए अल्टीमेटम जारी किया।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर आप नहीं कर सकते, तो हम आदेश पारित करेंगे।

**याचिकाकर्ता ने क्या दिया तर्क-** जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने खाद्य निकाय के इस तर्क की ओर ध्यान दिलाया कि उद्योग लेबलिंग के विचार का विरोध कर रहा था। याचिकाकर्ता ने खाद्य पैकेटों पर चेतावनी लेबल लगाने के उद्योग के विरोध का हवाला देते हुए, एफएसएसएआई ने अतिरिक्त चीनी, संतृप्त वसा और नमक की अनुशंसित दैनिक आवश्यकता की सारणीबद्ध घोषणा का सुझाव दिया है।

#### नागरिकों से जुड़ा मामला

कोर्ट ने साफ किया कि यह मामला देश के नागरिकों और विशेषकर बच्चों की सेहत से जुड़ा है, इसलिए इस पर फैसला उद्योगों के विरोध से नहीं बल्कि जनहित से संचालित होना चाहिए। पीठ ने केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) बृजेंद्र चाहर से सवाल किया कि अदालत के आदेश का पालन क्यों नहीं किया जा रहा है और सरकार ने इस संबंध में अब तक क्या कदम उठाए हैं। क्या सरकार खुद ऐसा करेगी, या हमें आदेश जारी करना होगा यदि आप ऐसा नहीं कर सकते, तो हम करेंगे..इस दौरान एएसजी बृजेंद्र चाहर ने अदालत से सरकार की प्रस्तावित कार्ययोजना को स्पष्ट करने की अनुमति देने का अनुरोध किया ।



# संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

### आखिरी दिन लोकसभा 1 मिनट, राज्यसभा 1 घंटे चली; मोदी-शाह और राहुल सदन में मौजूद रहे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 1 मिनट चली, जबकि राज्यसभा करीब 1 घंटे चली।

लोकसभा में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूरी कैबिनेट और विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद रहे। स्पीकर ओम बिड़ला ने वंदे मातरम गान के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

वहीं, राज्यसभा में आखिरी दिन MMDR संशोधन बिल पास हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी में उनके कार्यक्रम के बाद हुए शुद्धिकरण का मुद्दा उठाया।

लोकसभा में 114 घंटे में से 96 घंटे काम नहीं हुआ मानसून सत्र में लोकसभा की 19 बैठकें हुईं। सदन की सामान्य बैठक सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक होती है। दोपहर 1 से 2 बजे तक लंच ब्रेक रहता है। यानी एक दिन में करीब 6 घंटे कार्यवाही का समय होता है। इस हिसाब से 19 बैठकों में करीब 114 घंटे कार्यवाही होनी थी, लेकिन यह करीब 17 घंटे 30 मिनट ही चली। यानी करीब 96 घंटे 30 मिनट कम कार्यवाही हुई। वहीं, 2025 का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त 2025 तक चला था। इसमें लोकसभा और राज्यसभा की 21-21 बैठकें हुईं। लोकसभा में सिर्फ 37 घंटे काम हुआ था।

#### ● मानसून सत्र में 12 नए बिल पेश, 11 दोनों सदनों में पास

2026 के मानसून सत्र में कुल 12 नए बिल पेश किए गए। इनमें 10 लोकसभा और 2 राज्यसभा में पेश हुए। लोकसभा में आए बिल टैक्स, बैंकिंग, खनन, ट्रिब्यूनल, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, परीक्षा में नकल रोकने, केरल का नाम बदलने और सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या जैसे मुद्दों से जुड़े हैं। माइंस एंड मिनरल्स संशोधन बिल के राज्यसभा से पास होने के बाद अब 12 में से 11 बिल दोनों सदनों से पास हो चुके हैं। केवल भारतीय सांख्यिकी संस्थान बिल अभी दोनों सदनों से पास नहीं हुआ है। राज्यसभा में पेश किए गए दोनों बिल भी लोकसभा से पास हो चुके हैं।

# दिल्ली में कैंसर पेशेंट्स का बनेगा पूरा रिकॉर्ड, सुप्रीम कोर्ट की पहल के बाद बदलेगी व्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में कैंसर के मामलों का रिकॉर्ड रखने के लिए जनवरी 1986 से कैंसर रजिस्ट्री है, लेकिन कैंसर को अनिवार्य रूप से अधिसूचित बीमारी घोषित नहीं किया गया है। यानी मामलों की जानकारी जुटाने की व्यवस्था है, लेकिन हर नए मरीज की सूचना स्वास्थ्य प्राधिकरण को देना सभी अस्पतालों के लिए कानूनी रूप से अनिवार्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की पहल के बाद अब यह व्यवस्था बदलने की जरूरत सामने आई है।



**एम्स में होती है रजिस्ट्रीः** दिल्ली कैंसर रजिस्ट्री एम्स के डॉ. बीआर आंबेडकर इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल में संचालित होती है। यह जनसंख्या आधारित कैंसर रजिस्ट्री है, जिसमें दिल्ली की आबादी में सामने आने वाले कैंसर के मामलों की जानकारी अलग-अलग स्वास्थ्य संस्थानों से जुटाकर व्यवस्थित रिकॉर्ड तैयार किया जाता है। रजिस्ट्री के लिए 175 से अधिक सरकारी अस्पताल केंद्रों और 250 निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम से जानकारी ली जाती है।

**19 राज्यों में नहीं है अनिवार्य व्यवस्थाः** सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को उन 19 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कैंसर को अनिवार्य रूप से अधिसूचित बीमारी बनाने पर विचार कर उचित निर्णय लेने को कहा, जहां अभी यह व्यवस्था नहीं है। अदालत को बताया गया कि 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में से 17 में कैंसर पहले ही अधिसूचित बीमारी है। पीठ ने केंद्र से सभी राज्यों के लिए एक समान अनिवार्य दिशा-निर्देश की संभावना पर भी सवाल किया।

**2025 में 29,238 नए मामले होने का अनुमानः** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से संसद में दी गई आईसीएमआर के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम की जानकारी के अनुसार दिल्ली में कैंसर के नए मामलों का अनुमान 2021 में 25,969, 2022 में 26,735, 2023 में 27,561, 2024 में 28,387 और 2025 में 29,238 रहा।

### ● रजिस्ट्री का राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय


दिल्ली की रजिस्ट्री एम्स में संचालित होने के साथ राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम से जुड़ी है। एम्स के अनुसार डा. बीआर आंबेडकर इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल में अस्पताल आधारित कैंसर रजिस्ट्री भी 2014 से संचालित है। राष्ट्रीय स्तर पर आईसीएमआर-राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र रजिस्ट्री के आंकड़ों की गुणवत्ता और विश्लेषण से जुड़ा काम करता है।

### ● निजी क्षेत्र को भी जोड़ना जरूरी

अनिवार्य रिपोर्टिंग होने पर सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पताल, कैंसर केंद्र, जांच केंद्र और पैथोलॉजी प्रयोगशालाओं को भी तय समय और प्रारूप में नए मामलों की सूचना देनी होगी। इससे दिल्ली में कैंसर के वास्तविक बोझ, बीमारी के प्रकार और क्षेत्रवार स्थिति का बेहतर आकलन हो सकेगा तथा स्क्रीनिंग, जांच और उपचार सुविधाओं की योजना बनाई जा सकेगी।

**तो क्या होना जरूरी है:** इंडियन कैंसर सोसायटी के अनुसार राज्यों में रिपोर्टिंग के अलग-अलग तरीके के बजाय एक समान राष्ट्रीय व्यवस्था जरूरी है, ताकि अलग-अलग जगहों से मिलने वाले आंकड़ों को जोड़ा और राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम को मजबूत किया जा सके। ऐसे में दिल्ली में रजिस्ट्री नई बनाने की जरूरत नहीं है। जरूरत है मौजूदा व्यवस्था के साथ हर नए कैंसर मामले की अनिवार्य, समयबद्ध और एक समान रिपोर्टिंग जोड़ने की।


## राशन कार्ड से पैन तक मृतक की उम्र साबित करने के लिए अब ये 5 कागजात होंगे मान्य



**लखनऊ, एजेंसी।** राष्ट्रीय पारिवारिक योजना का लाभ लेने के लिए शासन ने अब शहरी क्षेत्र के आवेदकों के लिए बड़ी सहूलियत दिए जाने का निर्णय लिया है। शहरी क्षेत्र के आवेदकों को अब मृतक की उम्र साबित करने के लिए परिवार / कुटुंब रजिस्टर और हाईस्कूल प्रमाणपत्र न होने पर परेशान नहीं होना पड़ेगा। शासन ने पांच अन्य दस्तावेजों को भी आयु प्रमाण के रूप में मान्य कर दिया है। इनमें राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट और पैन कार्ड शामिल हैं। समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव ने इस संबंध में शासनादेश जारी किया है। उन्होंने कहा है 25 अक्टूबर 2024 को जारी शासनादेश में योजना के लिए मृतक की आयु के प्रमाण के तौर पर परिवार/कुटुंब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति व जन्मतिथि अंकित शैक्षिक प्रमाणपत्र को मान्य किया गया था। मगर नगरीय क्षेत्रों में सामान्य तौर पर परिवार / कुटुंब रजिस्टर उपलब्ध न होने के कारण आवेदकों को आवेदन करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। ऐसे में शासन ने लोगों की सुविधा के लिए व्यवस्था में बदलाव किया है। वार्ड व नगरीय क्षेत्र के ऐसे आवेदक, जिनके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाणपत्र नहीं है और परिवार रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं है। वे निर्धारित पांच दस्तावेजों में से किसी के जरिए मृतक की आयु का सत्यापन करा सकेंगे। आवेदक को निर्धारित प्रारूप पर स्व घोषणा भी देनी होगी कि उसके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं है और संबंधित नगरीय क्षेत्र में परिवार/ कुटुंब रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं है। समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार का कहना है कि यह सुविधा केवल नगरीय क्षेत्र के आवेदकों के लिए लागू होगी।

## जयपुर में खुली जेल के कैदी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या, वारदात के बाद बदमाश फरार

**जयपुर, एजेंसी।** करणी विहार क्षेत्र में खुली जेल के कैदी गंगासहाय कुमावत (40) की बुधवार को गोली मार कर हत्या कर दी गई। बाइक सवार दो बदमाशों ने कुमावत पर तीन राउंड फायरिंग की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद बदमाश फरार हो गए। जांच में सामने आया कि मृतक ने वर्ष 2018 में शहर में महेंद्र नामक व्यक्ति की हत्या की थी। उसी मामले में वह सजा काट रहा था। करीब आठ वर्ष तक जेल में रहने के बाद उसके सही व्यवहार को देखते हुए करीब तीन माह पहले खुली जेल में स्थानांतरित किया गया था। वहां रहते हुए कुमावत दिन में रोजगार के सिलसिले में प्रतिदिन बाहर जाता था। शाम को उसे लौटना होता था। अन्य दिनों की तरह कुमावत बुधवार शाम जेल लौट रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उसकी गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए नाकेबंदी करवाई गई है। वहीं, राज्य के टोंक जिला मुख्यालय पर स्थित जेल में बंद एक कैदी की तबीयत बिगड़ने पर मौत हो गई। मृतक कैदी गणदेव गुर्जर सवाईमाधोपुर का निवासी था। गणदेव की मौत के बाद स्वजन ने जेल के मुख्यद्वार के बाहर हंगामा किया।



## कंपनियों के सीएसआर फंड पर पंजाब में नई व्यवस्था की तैयारी, मानवाधिकार आयोग ने राज्य प्राधिकरण बनाने को कहा



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब स्टेट एंड चंडीगढ़ (यूटी) ह्यूमन राइट्स कमीशन ने प्रदेश में कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) फंड के प्रभावी इस्तेमाल के लिए 'स्टेट सीएसआर अथॉरिटी' गठित करने की सिफारिश की है। आयोग ने कहा है कि इस व्यवस्था से कंपनियों के सीएसआर फंड को स्थानीय कल्याण और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत कार्यों से व्यवस्थित रूप से जोड़ा जा सकेगा। आयोग के चेयरपर्सन जस्टिस संत प्रकाश और सदस्य जस्टिस गुरबीर सिंह की अगुवाई में यह सिफारिश पंजाब सरकार को भेजी गई है। आयोग ने पिछले वर्ष पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ के संदर्भ में सीएसआर फंड के इस्तेमाल से जुड़े मामले पर विचार करते हुए कहा कि सीएसआर को अनिवार्यता के बजाय सहयोग और सुविधा के माध्यम के रूप में देखा जाना चाहिए।

**कंपनियों के लाभ का 2% सामाजिक कार्यों पर :** आयोग ने कहा कि कंपनी अधिनियम-2013 की धारा 135 के तहत पात्र कंपनियों को पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का कम से कम दो प्रतिशत सीएसआर गतिविधियों पर खर्च करना होता है। कानून में कंपनियों को अपने संचालन वाले स्थानीय क्षेत्रों को प्राथमिकता देने की बात भी कही गई है। प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण गतिविधियां भी सीएसआर के तहत अनुमन्य हैं।

### गुजरात व असम की व्यवस्था का दिया उदाहरण

आयोग ने गुजरात और असम में सीएसआर से संबंधित संस्थागत व्यवस्थाओं का भी उल्लेख किया। आयोग ने सुझाव दिया कि पंजाब में भी इसी तरह की व्यवस्था बनाई जाए। आयोग ने सरकार से कंपनियों को सीएसआर के तहत स्थानीय जरूरतों पर खर्च के लिए जागरूक करने, सभी पंजीकृत कंपनियों को प्राकृतिक आपदाओं के लिए सीएसआर फंड का एक हिस्सा उपलब्ध कराने की अपील जारी करने और केंद्र सरकार से भी अपने हिस्से की राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध करने की सिफारिश की है। आयोग ने अपना आदेश पंजाब के मुख्य सचिव को सूचना और आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया है।

## आर्कटिक में तनाव की चेतावनी: पुतिन ने समुद्री मार्ग में भारत की रुचि का जिक्र क्यों किया नाटो का भी

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आर्कटिक क्षेत्र को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि रूस के साझेदार देशों में नॉर्दर्न सी रूट के साथ सहयोग को लेकर दिलचस्पी बढ़ रही है और भारत इस दिशा में प्रमुख देशों में शामिल है। पुतिन ने यह बात बुधवार को प्रशांत बेड़े के जवानों के साथ बैठक के दौरान कही। उनके बयान में भारत का जिक्र ऐसे समय हुआ है, जब रूस पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच नए व्यापार और समुद्री रास्तों पर सहयोग बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।नॉर्दर्न सी रूट क्या है और भारत के लिए क्यों अहम?नॉर्दर्न सी रूट आर्कटिक क्षेत्र से होकर गुजरने वाला समुद्री मार्ग है। रूस लंबे समय से इस रास्ते की क्षमता का इस्तेमाल बढ़ाने पर जोर देता रहा है। पुतिन ने कहा कि रूस इस मार्ग के फायदे का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून के दायरे में रहकर करने को तैयार है। भारत की बढ़ती रुचि का मतलब यह है कि नई दिल्ली इस मार्ग से जुड़ी संभावनाओं को व्यापार और रणनीतिक सहयोग के नजरिये से देख रही है।पुतिन ने नाटो को लेकर क्या चेतावनी दी?पुतिन ने नॉर्दर्न सी रूट में बढ़ती दिलचस्पी के साथ आर्कटिक में बढ़ते 'कृत्रिम तनाव' की भी चेतावनी दी। उन्होंने बाहरी देशों की गतिविधियों और नाटो के विस्तार का संकेत देते हुए कहा कि आर्कटिक में तनाव पैदा करने की कोशिशों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रूस के लिए आर्कटिक क्षेत्र रणनीतिक रूप से बेहद अहम है और वह इस इलाके में अपनी मौजूदगी तथा हितों को लेकर लगातार सतर्क रहा है।भारत, रूस और चीन की भूमिका क्या?रूट पर सहयोग को लेकर सक्रिय बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने भारत को उन प्रमुख देशों में गिना जिनकी इस समुद्री मार्ग में दिलचस्पी बढ़ रही है। रूस के साथ भारत के पुराने रणनीतिक संबंधों और ऊर्जा सहयोग को देखते हुए आर्कटिक मार्ग आने वाले समय में दोनों देशों के लिए सहयोग का एक नया क्षेत्र बन सकता है।यूक्रेन संघर्ष के बाद रूस पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने कई प्रतिबंध लगाए हैं। इन प्रतिबंधों के बीच रूस अपने व्यापार के लिए वैकल्पिक रास्तों और साझेदार देशों के साथ सहयोग बढ़ाने पर जोर दे रहा है। नॉर्दर्न सी रूट इसी रणनीति का अहम हिस्सा है। रूस चाहता है कि इस समुद्री रास्ते के जरिये एशियाई देशों के साथ संपर्क और व्यापार की संभावनाएं बढ़ें।



## राजस्थान के मंत्री ने ही अपनी सरकार के खिलाफ दिया धरना, जिला कलेक्टर व निगम आयुक्त को बताया भ्रष्टाचारी

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार के वन व पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने बुधवार को अपनी ही सरकार के अधिकारियों के खिलाफ समर्थकों के साथ धरना दिया। अलवर नगर निगम में मंत्री ने पांच घंटे तक अधिकारियों के खिलाफ धरना देते हुए जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला और निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कलेक्टर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आम जनता की सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया। सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति के मुद्दे पर धरना देते हुए मंत्री ने कलेक्टर को लूटकर खाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर और निगम आयुक्त के टालमटोल रवैये के कारण चयनित 329 अभ्यर्थी परेशान हो रहे हैं। बता दें कि निगम में सफाई कर्मचारियों का करीब छह महीने पहले चयन हो गया था, लेकिन कलेक्टर और निगम आयुक्त सफाई कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र देने के काम में देरी कर रहे थे। मंत्री ने इस संबंध में कलेक्टर एवं निगम आयुक्त से पूर्व में कई बार बातचीत की, लेकिन वे इस काम को टाल रहे थे। इससे नाराज होकर उन्होंने सफाई कर्मचारियों के साथ धरना दिया। मंत्री के साथ कांग्रेस के दो नेता भी धरने पर बैठ गए।



### कांग्रेस ने सरकार को घेरा

मंत्री के धरना देने पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसे हालात हो गए हैं कि मंत्री को ही जनता के काम करवाने के लिए धरना देना पड़ रहा है।

## बेंगलुरु में बदहाल सड़क बनी जानलेवा, ब्रेक लगाते ही बाइक से गिरी महिला को मिनी ट्रक ने कुचला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी के पास अनंतनगर मेन रोड पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जहां खराब सड़क के कारण ब्रेक लगने से दोपहिया वाहन फिसल गई, इस दौरान बाइक पर पीछे बैठी 32 वर्षीय महिला मेधा गिर गई। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक मिनी मालवाहक वाहन ने महिला को कुचल दिया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने महिला मेधा को मृत घोषित कर दिया। दरअसल, श्वक्क्न कार्यालय में कार्यरत मेधा अपने सहकर्मी के साथ दोपहिया वाहन पर सिंगासंद्रा की ओर जा रही थी, इसी दौरान कीचड़ भरे टूटी सड़क पर एक पैदल यात्री को बचाने के लिए कार और बाइक सवार ने अचानक ब्रेक लगाए। ब्रेक लगते ही मेधा बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गई, जिसके बाद उसे एक मिनी ट्रक ने कुचल दिया और मेधा की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।





**केरल की रहने वाली थी मृतक मेधाः** पीड़िता मेधा आकर्ष अनंतनगर की निवासी और मूल रूप से केरल की रहने वाली थी। वह कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) कार्यालय में काम करती थी। उसके परिवार में उसका पति आकर्ष और तीन वर्षीय बेटा है। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना अनंतनगर मेन रोड पर सुबह करीब 9 बजे हुई, जब मेधा अपने एक सहकर्मी अजय गुरु के साथ अनंतनगर से सिंगासंद्रा की ओर जा रही थीं।

**स्थानीय लोगों में आक्रोशः** इस घटना से स्थानीय निवासियों में आक्रोश फैल गया, स्थानीय निवासियों ने सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ भारी आक्रोश जताया और इस दुर्घटना के लिए सड़क की खराब स्थिति को जिम्मेदार ठहराया। एक स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रसारित संदेश में कहा गया, 'इस मौत के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। सड़कें बुरी तरह से जर्जर होने के कारण कीचड़ और दलदल से भरी हुई हैं। '

**पुलिस कर रही मामले की जांचः** पुलिस ने सड़क की खराब स्थिति को स्वीकार करते हुए स्पष्ट किया कि प्रारंभिक जांच में अचानक ब्रेक लगाने को दुर्घटना का तात्कालिक कारण बताया गया है।

## क्या पश्चिम एशिया में फिर बिगड़ेंगे हालात लाल सागर में हूती लड़ाकों ने सऊदी जहाजों को बनाया निशाना

**रियाद, एजेंसी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार को सऊदी जहाजों को निशाना बनाया। जिससे पश्चिम एशिया के हालात फिर से बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है। हूती विद्रोहियों ने बुधवार को लाल सागर में एक सैन्य परिवहन पोत पर हमला किया और सऊदी समर्थित ठिकानों पर भी हमले किए। हूती विद्रोहियों के सैन्य प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 'विद्रोही समूह ने मोचा और मारिब क्षेत्रों में सऊदी अरब के सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इस दौरान हथियार डिपो और कमान केंद्रों को बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया गया। हमले सटीक थे और इनमें सऊदी नागरिकों समेत दर्जनों लोग हताहत हुए।' हूती लड़ाकों ने कहा है कि वे आगे भी सऊदी अरब की सैन्य टुकड़ियों को निशाना बनाना जारी रखेंगे। सऊदी अरब तनाव बढ़ाकर हमारे देश पर कब्जा करना चाहता है। इससे पहले भी हूति विद्रोहियों ने बाब अल मंदेब जलडमरूमध्य में एक वाणिज्यिक पोत पर मिसाइल हमला किया था। जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए थे। यमन सरकार ने इस हमले के पीछे हूती विद्रोहियों को जिम्मेदार ठहराया था। यमन की सरकार ने हूतियों से हथियार डालने की अपील कीइस बीच यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रपति नेतृत्व परिषद के अध्यक्ष रशाद अल अलीमी ने कहा है कि सरकार हूती विद्रोहियों की कार्रवाई का जवाब देगी। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि वे समूह से लड़ाई खत्म करने, हथियार डालने और देश की राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने का आह्वान भी करते हैं।

## सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में से एक: व्हाइट हाउस प्रेस सचिव लेविट की विदाई पर बोले ट्रंप; क्या होगी नई भूमिका

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को (स्थानीय समय) घोषणा की कि व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट महीने के अंत में अपना पद छोड़ देंगी। वह अपने छोटे बच्चों और परिवार के साथ ज्यादा समय बिताना चाहती हैं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लेविट को अपनी 'सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में से एक' बताया। उन्होंने कहा कि वह उनके फैसले को समझते हैं और उसका सम्मान करते हैं।उन्होंने कहा, हमारी व्हाइट हाउस की शानदार प्रेस सचिव और मेरी सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में से एक कैरोलिन लेविट महीने के अंत में अपना पद छोड़ेंगी, ताकि वह अपने प्यारे छोटे बच्चों और परिवार के साथ ज्यादा समय बिता सकें। मैं उनके इस फैसले को पूरी तरह समझता और सम्मान करता हूं। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि लेविट आगे भी उनके शीर्ष बाहरी सलाहकारों में से एक के रूप में काम करती रहेंगी। साथ ही वह रिपब्लिकन पार्टी में एक प्रभावशाली आवाज बनी रहेंगी, क्योंकि उनका प्रशासन आने वाले मध्यावधि चुनावों की तैयारी कर रहा है। ट्रंप ने आगे कहा, कैरोलिन अब मेरे शीर्ष बाहरी सलाहकारों में से एक होंगी और रिपब्लिकन पार्टी में एक प्रभावशाली आवाज बनी रहेंगी, क्योंकि हम इतिहास को गलत साबित करने और मध्यावधि चुनावों में निर्णायक जीत हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं। कैरोलिन व्हाइट हाउस में एक सच्ची नेता रही हैं और उन्होंने 2018 से न्याय, स्वतंत्रता और आजादी के लिए शानदार काम किया है। इसमें 2024 का हमारा ऐतिहासिक चुनाव अभियान भी शामिल है। कैरोलिन व्हाइट हाउस प्रेस सचिव के पद के इतिहास में सबसे बेहतरीन प्रेस सचिवों में से एक रही हैं। कैरोलिन अच्छी तरह से काम करने के लिए आपका धन्यवाद।कैरोलिन लेविट ने क्या कहा?लेविट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पिछले डेढ़ साल से व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव के रूप में काम करना 'उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सम्मान' रहा है। उन्होंने कहा, 'पिछले डेढ़ साल से व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव के रूप में काम करना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। मैं राष्ट्रपति ट्रंप की बेहद आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इतने असाधारण अवसर दिए। इनमें वेस्ट विंग में काम करना, ओवल ऑफिस में अनगिनत घंटे बिताना, दुनियाभर में उड़ान भरना और विदेशी नेताओं से मिलना और हमारे खूबसूरत देश की यात्रा करके हर तरह के लोगों से मिलना शामिल है। राष्ट्रपति ट्रंप का आभार जतायालेविट ने आगे कहा, सबसे बढ़कर, मैं राष्ट्रपति की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे व्हाइट हाउस के पोडियम से उनकी ओर से बोलने का विशेष अधिकार और जिम्मेदारी दी। मैंने इस प्रशासन की कई ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे में बहुत गर्व के साथ बात की है। मैंने उदारवादी मीडिया को जवाबदेह ठहराने और यह सुनिश्चित करने का भी पूरा आनंद लिया है कि अमेरिकी लोगों तक राष्ट्रपति ट्रंप की सफलताओं की सच्चाई पहुंचे। मां के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का जिक्र करते हुए लेविट ने कहा कि अपने छोटे बच्चों की परवरिश के साथ इतनी व्यस्त नौकरी करना संतोष देने वाला लेकिन चुनौतीपूर्ण रहा है।'जिंदगी के नए अध्याय की शुरुआत करने का कठिन फैसला'उन्होंने कहा, मां बनना और एक नए बच्चे का स्वागत करना, साथ ही दुनिया की सबसे कठिन नौकरियों में से एक को करना, मेरी जिंदगी का सबसे संतोष देने वाला लेकिन चुनौतीपूर्ण दौर रहा है। सच यह है कि अपनी बेटी के जन्म के बाद व्हाइट हाउस लौटने के बाद से मेरे दिल में यह भावना रही कि व्हाइट हाउस प्रेस सचिव के लिए जरूरी समय, ऊर्जा और ध्यान देने के साथ मैं अपने दो छोटे बच्चों के लिए उनकी जरूरत के मुताबिक सबसे अच्छी मां नहीं बन सकती। इसी वजह से मैंने आखिरकार व्हाइट हाउस छोड़ने और अपनी जिंदगी के एक नए अध्याय की शुरुआत करने का यह भावुक लेकिन कठिन फैसला लिया है। डेमोक्रेटिक पार्टी से अमेरिका के अस्तित्व को खतरा'उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने मुझसे बाहर से उनके शीर्ष सलाहकारों में से एक के रूप में काम करते रहने को कहा है। मैं हमेशा मेक अमेरिका ग्रेट अगेन और रिपब्लिकन पार्टी की खुलकर वकालत करती रहूंगी। हमारा देश एक ऐसी डेमोक्रेटिक पार्टी से अस्तित्व के लिए बड़े खतरे का सामना कर रहा है, जो लगातार ज्यादा कट्टरपंथी होती जा रही है और अमेरिका की हर महान चीज को नष्ट करना चाहती है।



**सीधी में कलेक्टर विकास मिश्रा करेंगे ध्वजारोहण**

## पुलिस परेड ग्राउंड में 15 अगस्त को होगा जिला स्तरीय मुख्य समारोह

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला मुख्यालय सीधी में जिला स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले समारोह में कलेक्टर विकास मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे समारोह में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि का आगमन सुबह 8.58 बजे होगा। सुबह 9 बजे ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान होगा इसके बाद 9.10 बजे परेड का निरीक्षण और मार्चपास्ट आयोजित किया जाएगा सुबह 9.20 बजे कलेक्टर द्वारा परेड कमांडर एवं प्लाटून कमांडरों का परिचय प्राप्त किया जाएगा सुबह 9.25 बजे मुख्यमंत्री के संदेश का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद 9.56 बजे कलेक्टर विकास मिश्रा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलेवासियों के नाम अपना बधाई संदेश पढ़ेंगे।

**देशभक्ति प्रस्तुतियों से सजेगा समारोह:** समारोह में सुबह 10.15 बजे विभिन्न विद्यालयों और संस्थानों के प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इन प्रस्तुतियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों और प्रतिभागियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के महत्व और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सुबह 10.35 बजे उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रदान की जाएगी।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल पूरा: एसपी और अपर कलेक्टर ने पुलिस परेड ग्राउंड का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं गुरुवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी एवं अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय ने पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचकर समारोह स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया इस दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, मैदान के समतलीकरण, पार्किंग, सुरक्षा, बैठक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक और अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस समारोह से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि समारोह में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए सभी व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

**अधिकारियों को जिम्मेदारियां गंभीरता से निभाने के निर्देश:** अधिकारियों ने समारोह के लिए तैनात सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को उन्हें सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर यातायात, पार्किंग, बैठक, विद्युत और मंच से जुड़ी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रखने पर विशेष जोर दिया गया अधिकारियों ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय महत्व का आयोजन है। इसलिए कार्यक्रम स्थल पर आने वाले अतिथियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं निरीक्षण के दौरान जहां आवश्यक सुधार की जरूरत महसूस हुई, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम का किया पूर्वाभ्यास:** निरीक्षण से पहले पुलिस अधीक्षक एवं अपर कलेक्टर के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल भी सम्पन्न हुआ रिहर्सल के दौरान समारोह के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का पूर्वाभ्यास किया गया इस दौरान ध्वजारोहण, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य निर्धारित गतिविधियों को निर्धारित क्रम एवं समय के अनुसार पूरा कराया गया अधिकारियों ने रिहर्सल के दौरान कार्यक्रम संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया समय प्रबंधन, परेड की तैयारियों और विभिन्न कार्यक्रमों के बीच समन्वय का भी जायजा लिया गया अधिकारियों ने रिहर्सल के दौरान सामने आई कमियों और व्यवस्थागत आवश्यकताओं को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए ताकि मुख्य समारोह के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

# तिरंगा यात्रा में 12 छात्रों की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल पहुंचाया: 6 किमी पैदल चलने के बाद धूप-उमस में एक घंटे इंतजार का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** चितरंगी में बुधवार को आयोजित तिरंगा यात्रा के दौरान 12 छात्र-छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई चक्कर, कमजोरी और घबराहट की शिकायत के बाद सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया एक छात्रा को सांस लेने में परेशानी होने पर ऑक्सीजन भी दी गई करीब एक घंटे के उपचार के बाद सभी बच्चों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई घटना का वीडियो गुरुवार को सामने आया। तिरंगा यात्रा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह समेत आठ स्कूलों के 200 से ज्यादा छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। यात्रा सुबह करीब 9 बजे शुरू हुई और साढ़े 11 बजे समाप्त हुई छात्रों का आरोप है कि उन्हें करीब 6 किलोमीटर पैदल चलकर चितरंगी बाजार पहुंचना पड़ा इसके बाद मंत्री के इंतजार में करीब एक घंटे तक धूप और उमस में खड़ा रहना पड़ा इस दौरान पर्याप्त पानी और नाश्ता उपलब्ध नहीं कराया गया।

**यात्रा शुरू होते ही बिगड़ने लगी तबीयत:** 11वीं कक्षा के छात्र मनोज सिंह चौहान ने बताया कि छात्र काफी देर तक पैदल चलने के कारण थक चुके थे उनके मुताबिक, यात्रा शुरू होने के बाद कुछ छात्राएं चक्कर खाकर गिरने लगीं और अन्य विद्यार्थियों ने भी कमजोरी की शिकायत की शिक्षकों ने बच्चों को ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया छात्रों का कहना है कि बाद में स्कूल की ओर से पानी की छोटी बोतल और बिस्किट का पैकेट दिया गया छात्र गौरव सिंह चौहान ने भी कहा कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की मौजूदगी के बावजूद पानी और नाश्ते की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी।

**मंत्री ने कहा- धूप के कारण हुई परेशानी:** राज्यमंत्री राधा सिंह ने कहा कि बुधवार को धूप काफी तेज थी। बच्चे उत्साह में तेज गति से पैदल चल रहे थे उनके अनुसार यात्रा के रास्ते में कई स्थानों पर पानी की व्यवस्था की गई थी उन्होंने कहा कि तेज धूप में पानी पीने के कारण कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ी मंत्री ने किसी तरह की लापरवाही से इनकार करते हुए कहा कि सभी बच्चे अब स्वस्थ हैं जिला शिक्षा अधिकारी कविता त्रिपाठी ने कहा कि तिरंगा यात्रा के लिए स्थानीय एसडीएम मान सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया था शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी केवल बच्चों को भेजने की थी। एसडीएम से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद मिला ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. हरिशंकर बस ने बताया कि 12 बच्चे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे सभी का उपचार कर लगभग एक घंटे बाद छुट्टी दे दी गई उन्होंने बताया कि एक छात्र की पुरानी मेडिकल हिस्ट्री थी, जिसके चलते उसे ऑक्सीजन दी गई।



# 15 अगस्त को सीधी जिले में शुष्क दिवस शराब दुकानें, होटल-रेस्टोरेंट बार और वाइन शॉप रहेंगी पूरी तरह बंद

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीधी जिले में 15 अगस्त 2026 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विकास मिश्रा ने इस संबंध में आदेश जारी कर जिले में संचालित सभी प्रकार के मद्य प्रतिष्ठानों को निर्धारित अवधि में पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शुष्क दिवस के दौरान शराब की खरीद-बिक्री के साथ उसके परिवहन और वितरण पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। जारी आदेश के अनुसार 15 अगस्त को जिले की सभी मदिरा दुकानें, मदिरा गोदाम, होटल बार (एफएल-3), रेस्टोरेंट बार (एफएल-2), वाइन शॉप और देशी मद्य भंडार पूरी तरह बंद रहेंगे इन प्रतिष्ठानों में किसी भी प्रकार की मदिरा का विक्रय या वितरण नहीं किया जा सकेगा।

**खरीद-बिक्री और परिवहन पर भी प्रतिबंध:** प्रशासन के आदेश के अनुसार शुष्क दिवस की अवधि में किसी भी प्रकार की मदिरा का क्रय, विक्रय, परिवहन एवं वितरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल शराब दुकानों को बंद रखना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि प्रतिबंधित अवधि के दौरान अवैध रूप से शराब की बिक्री, परिवहन अथवा वितरण करने वालों पर भी निगरानी रखी जाएगी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्णय:** प्रशासन के अनुसार स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय महत्व का पर्व है। जिले में इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड और अन्य आयोजन किए जाएंगे ऐसे में शांति, कानून-व्यवस्था और गरिमापूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में शुष्क दिवस लागू किया गया है कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विकास मिश्रा ने संबंधित विभागों और अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शुष्क दिवस के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी रखें। विशेष रूप से अवैध मदिरा के क्रय-विक्रय, परिवहन और वितरण पर नजर रखने तथा शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं प्रशासन ने जिले के सभी मद्य प्रतिष्ठान संचालकों से आदेश का पालन करने की अपेक्षा की है। 15 अगस्त को निर्धारित प्रतिबंध के दौरान शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं होगी जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

# सिंगरौली बैंक डकैती में एक और आरोपी गिरफ्तार: बिहार से पकड़ा राहुल राज, डकैतों को कार से भगाने और लूट का माल ठिकाने लगाने का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 17 अप्रैल को हुई करीब 10 करोड़ रुपए की डकैती के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है आरोपी की पहचान राहुल राज (34), निवासी ग्राम इमलिया, थाना पाली, जिला जहानाबाद, बिहार के रूप में हुई है पुलिस ने उसे बुधवार को जहानाबाद से पकड़ा और गुरुवार को न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

**डकैती के बाद कार से भागे थे आरोपी:** पुलिस के मुताबिक राहुल राज डकैती की योजना में शामिल था और वारदात के बाद मुख्य आरोपियों को भागने में मदद की थी। उसने अपनी टाटा नेक्सॉन कार से डकैतों को घटनास्थल से भगाया था। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि लूटे गए कैश और सोने को ठिकाने लगाने में राहुल की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिला पुलिस अधीक्षक सियाज केएम ने बताया कि राहुल राज मुख्य डकैतों का सहयोगी था पुलिस रिमांड के दौरान उससे पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि उसने कितने आरोपियों को अपनी कार से भगाया था और क्या लूटा गया कैश और सोना इसी वाहन से ले जाया गया था।

**कार, मोबाइल और नकदी जब्त:** पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई टाटा नेक्सॉन कार जब्त की है। इसके अलावा एक ओप्पो मोबाइल फोन और 46 हजार रुपए नकद भी बरामद किए गए हैं पुलिस इन सामानों की जांच कर रही है ताकि डकैती के दौरान आरोपी की भूमिका और अन्य आरोपियों से उसके संपर्कों का पता लगाया जा सके। बैंक डकैती में करीब 10 करोड़ रुपए का कैश और सोना लूटे जाने की बात सामने आई थी। पुलिस इस मामले में पहले ही दो मुख्य आरोपियों और तीन सहयोगियों को गिरफ्तार कर चुकी है। राहुल राज की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को डकैती की पूरी साजिश और लूट की रकम के संबंध में अहम जानकारी मिलने की उम्मीद है पुलिस के अनुसार बैंक डकैती में शामिल दो आरोपी अभी फरार हैं। उनकी तलाश के लिए पुलिस की टीमें अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रही हैं गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर फरार आरोपियों तक पहुंचने और लूटे गए कैश व सोने की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। 17 अप्रैल को बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हथियारबंद बदमाशों ने दिनदहाड़े धावा बोला था पुलिस के अनुसार बदमाश करीब 9 से 10 किलो सोना और लगभग 20 लाख रुपए नकद लेकर फरार हुए थे वारदात के बाद सामने आए वीडियो में बदमाशों की गतिविधियां भी दिखाई दी थीं।

# चिरहुला ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर: पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां बांटने और मंडलम-वार्ड कमेटियों से समन्वय के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** चिरहुला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रीवा की आवश्यक संगठनात्मक बैठक बुधवार को वार्ड क्रमांक 43, राघवराम नगर, चिरहुला में आयोजित हुई बैठक में जिला शहर कांग्रेस कमेटी रीवा के अध्यक्ष अशोक पटेल 'झब्बू' मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए अध्यक्षता चिरहुला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने की बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों और कार्यकर्ताओं की सक्रियता सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में रामकीर्ति शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रयासों से पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम किया जा रहा है उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार सदन और सड़क पर जनता के मुद्दे उठा रहे हैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए सक्रियता से काम करना होगा उन्होंने बताया कि जिला शहर कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिले के सभी ब्लॉकों में संगठनात्मक बैठकें आयोजित की जा रही हैं इसी क्रम में 13 और 14 अगस्त को मंडलम कमेटियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठन के निर्देशों के अनुसार जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।



**15 अगस्त के कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प:** बैठक में आगामी 15 अगस्त को ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम को सफल बनाने पर भी चर्चा हुई ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सर्वसम्मति से समर्थन देते हुए इसमें सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि अशोक पटेल 'झब्बू' ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों के बीच कार्यों का विभाजन जरूरी है मंडलम कमेटी, वार्ड कमेटी और पंचायत कमेटियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम किया जाना चाहिए उन्होंने कहा कि जिला और ब्लॉक मुख्यालयों पर होने वाले कांग्रेस के कार्यक्रमों में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता सक्रिय रूप से भाग लें।

## *17 से 25 अगस्त तक फार्मर रजिस्ट्री का विशेष अभियान: पंचायत भवनों में पटवारी और लोकल युवा सर्वेयर रहेंगे मौजूद*

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में एग्रीस्टैक योजना के तहत शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी तैयार करने के लिए 17 से 25 अगस्त 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा कलेक्टर विकास मिश्रा ने जिले में फार्मर रजिस्ट्री की अपेक्षाकृत कम प्रगति को देखते हुए निर्धारित अवधि में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं अभियान के दौरान प्रत्येक पटवारी और लोकल युवा सर्वेयर सभी कार्य दिवसों में संबंधित ग्राम पंचायत भवन में उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करेंगे उनकी उपस्थिति की सूचना कम से कम एक दिन पहले ग्राम पंचायत के व्हाट्सएप समूह सहित अन्य माध्यमों से प्रसारित की जाएगी ताकि अधिक से अधिक किसान पंचायत भवन पहुंचकर पंजीयन करा सकें। पटवारी फार्मर रजिस्ट्री के साथ लंबित प्रकरणों, खसरा-नक्शा संबंधी विसंगतियों, राजस्व प्रकरणों तथा पीएम-किसान योजना के लंबित आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई भी करेंगे लंबित हितग्राहियों की ग्रामवार एवं व्यक्तिवार सूची सारा पोर्टल से प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत के व्हाट्सएप समूह में साझा की जाएगी ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम सचिव और ग्राम रोजगार सहायक किसानों को सूचना देने तथा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे अभियान की निगरानी के लिए पटवारियों को पंचायत भवन से जीपीएस लोकेशन, दिनांक और समय सहित सेल्फी संबंधित राजस्व अधिकारी के व्हाट्सएप समूह में भेजनी होगी। एसडीएम और तहसीलदार नियमित निरीक्षण करेंगे तथा प्रतिदिन अभियान की प्रगति जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी।

# हाथों में तिरंगा, दिल में देशभक्ति; विधायक रीती पाठक के नेतृत्व में सेमरिया में निकली भव्य तिरंगा रैली



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गुरुवार को जनपद पंचायत सीधी की ग्राम पंचायत सेमरिया में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा रैली निकाली गई सीधी विधायक रीती पाठक के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। हाथों में लहराते तिरंगे और 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' तथा 'जय हिंद' के जयघोष से पूरा सेमरिया देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया तिरंगा रैली का शुभारंभ वेद अंशिका गार्डन से हुआ। इसके बाद रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सेमरिया पहुंची रैली में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों और आम नागरिकों की सहभागिता रही छात्र-छात्राओं की अनुशासित और उत्साहपूर्ण भागीदारी रैली का विशेष आकर्षण रही। विद्यार्थियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के माध्यम से लोगों को राष्ट्रध्वज के सम्मान तथा देश की एकता और अखंडता के प्रति जागरूक किया।

**तिरंगा सम्मान और जिम्मेदारी का प्रतीक- रीती पाठक:** इस अवसर पर विधायक रीती पाठक ने कहा कि हर घर पर लहराता तिरंगा देश के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी का प्रतीक है तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता, संप्रभुता, एकता, अखंडता और गौरव की पहचान है उन्होंने कहा कि राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करता है विधायक ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं है बल्कि यह देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को याद करने तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करने का भी अवसर है। 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन से जोड़ने का सशक्त माध्यम है उन्होंने कहा कि जब किसी घर पर तिरंगा लहराता है तो वह देश के प्रति सम्मान, गौरव और जिम्मेदारी का संदेश देता है सेमरिया की रैली में नागरिकों और विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी यह दर्शाती है कि राष्ट्रप्रेम की भावना समाज के सभी वर्गों में मौजूद है।

## संपादकीय

## बरसाती परिवहन की चौकसी

बरसात के महीनों में भयभीत हिमाचल। खोखली पहाड़ियां, संकरे रास्ते, परिवहन के निरंकुश इरादे और सड़कों पर बढ़ता दबाव दुर्घटनाओं के आंकड़ों में मातम की व्यथा बन जाता है। इस बार चुराह दुर्घटना ने पूरे परिदृश्य को सोचने पर विवश किया है, तो पहाड़ से गिरती चट्टानों ने पूरे प्रदेश में मकबरे सजा दिए हैं। पत्थरों की बरसात ने परिवहन को जोखिम भरा बना दिया है। सड़क दुर्घटनाओं में पर्यटक दुर्घटनाएं शामिल कर लें, तो बरसात के पंजे खतरनाक साबित हो रहे हैं। चुराह में वाहनों का संचालन सड़कों की स्थिति की शिकायत करता है, लेकिन जीवन की आवश्यकताएं और सियासत की फरमाइश में नक्शे अक्सर नहीं देखे जाते। प्रदेश की आरंभिक बरसात ने डेढ़ सौ के करीब रास्ते बंद रखे हैं, तो अंदरूनी घाटियों के सफर की कहानी मुश्किल है। पर्यटक या धार्मिक स्थलों में कितना पर्यटन-कितना जोखिम मोल लेने का साहस। विडंबना यह है कि पर्यटक स्थलों की सड़कें टूटी अवस्था में वाहनों के भारी दबाव कब तक सहेंगी। इतना ही नहीं, सड़कों के किनारे जल निकासी का इंतजाम जहां नहीं है, वहां काल बह रहा है या रास्तों को विकराल बना रहा है। किन्नौर-कैलाश यात्रा या आगे मणिमहेश के दर्शनों की बारात जब निकलेगी तो सड़क पर पहिए खूंखार हो सकते हैं। ऐसे में बरसात में कितनी यात्रा, कितना सफर जरूरी, इसके ऊपर मंथन करना होगा। हिमाचल में तीर्थ यात्राओं का माध्यम बन रहे दोपहिया वाहन, परिवहन नियमों का सीधा उल्लंघन हैं। अभी जो तीर्थ यात्री प्रदेश में प्रवेश कर रहे हैं, उनके सुरक्षा के इंतजाम इतने नर्म क्यों कि लोग बिना हेल्मेट, ऊंचे झंडे तथा म्युजिक सिस्टम के साथ रास्तों पर निरंकुश दौड़ रहे हैं। ऐसे में बरसाती परिवहन की चौकसी मुकर्रर करते हुए वाहन चालकों को खतरे के खिलाड़ी बनने से रोकना होगा। पर्यटन और परिवहन के रिश्तों में सुरक्षित मानदंड अपनाने की निगरानी जरूरी है, जबकि सड़कों का ऑडिट सुनिश्चित करना होगा। धर्मशाला से मकलोडगंज के तमाम रास्ते अगर खंडहर हैं, तो डेस्टिनेशन टूरिस्ट के जीवन से खेलने की छूट क्यों। कुछ इसी तरह फोरलेन निर्माण की साइट्स पर अंधे कदम फरिश्ते नहीं हो सकते। बावजूद इसके कि सड़कें चौड़ी हो रही हैं और फोरलेन निर्माण चल रहा है, हिमाचल की सड़कों पर मौत का आखेट भी चल रहा है। ऊना के पीरनिगाह तक अगर श्रद्धालू ट्रैक्टर ट्रॉली में आएंगे, तो यह कौनसी अनुमति जो सरेआम दुर्घटना का पुलिंदा बन जाती है। ऐसे में परिवहन खास तौर पर बरसाती परिवहन में भागते-दौड़ते मंजर को संयमित करने की जरूरत है, जबकि बाहर से आ रहे श्रद्धालुओं को परिवहन के मानकों तथा कायदे-कानून के तहत चलना सिखाना पड़ेगा। सड़क निर्माण की वर्तमान तकनीक खतरे बढ़ा रही है या लापरवाही बढ़ रही है। दुर्घटनाओं में मानवीय चूक सब पर भारी पड़ती है, लेकिन सड़कों की देखभाल तथा उच्च मानदंडों के अनुरूप रखरखाव में आ रही कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। बहुत सारे बस रूट अगर जोखिम में चल रहे हैं, तो उन्हें बंद कर देना होगा। प्रदेश सरकार को पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों में ग्रीन टैक्स लगा कर परिवहन और पार्किंग की दिशा में नए प्रयत्न करने चाहिएं। मसलन धर्मशाला से मकलोडगंज की ओर ग्रीन टैक्स लगाया जाए, तो इस आय से सड़क निर्माण के मानदंड ऊंचे होंगे तथा पार्किंग सुविधा में विकास होगा। बीड़ से बिलिंग ग्रीन टैक्स से सड़क को पूरी तरह विकसित किया जा सकता है। बरसाती दिक्कतों से रूबरू हिमाचल को अधोसंरचना में गुणवत्ता के नए पहलू जोडने चाहिएं, मसलन पर्वतीय अंचल की सड़कों को एलिवेटिड रोड की परिभाषा में सशक्त किया जा सकता है।

# भारत विभाजन : वह त्रासदी, जिसे याद करते ही आज भी हृदय चीत्कार उठता है

**1947 का भारत विभाजन उन लाखों परिवारों की सामूहिक स्मृति में आज भी धड़कता हुआ घाव है, जिसे याद करते ही हृदय चीत्कार उठता है। आजादी का सूरज निकला जरूर था, पर उसी सुबह लाखों घरों में विस्थापन, भय और बिछोह का अंधेरा भी लेकर आया। यह इतिहास का सबसे बड़ा मानव विस्थापन था। लगभग 1.5 करोड़ लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। लोग अपने ही पुश्तैनी घरों में विदेशी और शरणार्थी बन गए। विभाजन की घोषणा के साथ ही पूरे देश में, खासकर पंजाब और बंगाल में भयानक दंगे भड़क उठे। हिंसा में लगभग 5 लाख से 20 लाख लोगों ने अपनी जान गंवाई। लाखों महिलाओं व बच्चों को अगवा किया गया, उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ और अमानवीय अत्याचार किए गए।**

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

वे बूढ़ी आंखें आज भी जब बंद होती हैं, तो उनमें अपना घर दिखाई देता है। आंगन में खेलते बच्चे, दरवाजे पर खड़ी मां और वह गली, जहां पड़ोसी धर्म रिश्तों से पहचाने जाते थे, मगर स्मृति की अगली तस्वीर आते ही सब कुछ बदल जाता है; भागते लोगों का काफिला, चीखती भीड़, जलते मकान और वह ट्रेन, जिसमें यात्रियों से ज्यादा मौतें पहुंची थीं। घर पीछे छूट गया, शहर पराया हो गया और नक्शे पर खिंची एक रेखा ने पूरी जिंदगी की पहचान बदल दी। इस्लामिक जिहादी सोच ने उनसे वह सब कुछ छीन लिया जो कल तक उनका अपना था, जिसके लिए कई पीढ़ियों का संघर्ष था, सामूहिक प्रयास था, अपना घर, अपना द्वार, अपने लोग वे अब बहुत पराए हो चुके थे। लोग अपनी जमीन, मकान, दुकानें और जमा-पूंजी छोड़कर खाली हाथ भागने पर मजबूर हुए। भगदड़ और हिंसा के बीच हजारों परिवार हमेशा के लिए एक-दूसरे से बिछड़ गए। सर रेडक्लिफ ने बिना जमीनी हकीकत जाने जल्दबाजी में नक्शे पर लकीर खींच दी (रेडक्लिफ लाइन), जिससे कई गांव और घर बीच से बंट गए। ऐसे में ये भारत का विभाजन दर्दनाक बंटवारा था। इसकी टीस और जख्म आज भी दोनों देशों के इतिहास और लोगों के दिलों में मौजूद हैं। भारत सरकार हर साल 14 अगस्त को इसी दर्द को याद करने के लिए 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाती है। जिन लोगों के लिए उनका गांव ही संसार था, उनके लिए अचानक वही गांव दूसरे देश का हिस्सा बन गया। जिस खेत में पीढ़ियां काम करती आई थीं, वह पीछे छूट गया। जिस दुकान से परिवार का जीवन चलता था, उसका शटर अंतिम बार गिरा और फिर कभी नहीं खुला। विभाजन की सबसे बड़ी विडंबना यह थी कि करोड़ों लोगों के भविष्य का फैसला एक ऐसी सीमा-रेखा से हुआ, जिसे खींचने की प्रक्रिया अत्यंत कम समय में पूरी की गई। सर सिरिल रेडक्लिफ को भारत-पाकिस्तान सीमा निर्धारण का दायित्व दिया गया। पंजाब और बंगाल में खींची गई रेडक्लिफ रेखा ने गांवो, खेतों, परिवारों और सामाजिक संबंधों को दो देशों में बांट दिया। इस संदर्भ में हो. वे. शेषाद्री की पुस्तक 'और देश बट गया' विशेष उल्लेखनीय है। पुस्तक 27 अध्यायों में स्वाधीनता संघर्ष, मुस्लिम अलगाववाद, द्विराष्ट्र सिद्धांत, कांग्रेस की नीतियों, खिलाफत आंदोलन, जिन्ना के राजनीतिक उभार, प्रत्यक्ष कार्रवाई और अंततः विभाजन की स्वीकृति तक की घटनाओं का विश्लेषण करती है।शेषाद्री ने जिन्ना के आरंभिक राष्ट्रवादी राजनीतिक व्यक्तित्व से लेकर मुस्लिम लीग के प्रमुख नेता और पाकिस्तान की मांग के केंद्रीय चेहरे तक के परिवर्तन का उल्लेख किया है। 1940 के लाहौर प्रस्ताव के बाद अलग राष्ट्र की मांग अधिक स्पष्ट राजनीतिक रूप में सामने आई। 1946 की प्रत्यक्ष कार्रवाई और उसके बाद भड़की हिंसा ने राजनीतिक अविश्वास को सामाजिक हिंसा में बदलने का काम किया। बातचीत का स्थान दबाव ने लिया और राजनीतिक मतभेदों की कीमत आम नागरिकों को चुकानी पड़ी।

जब पड़ोसी अचानक अजनबी हो गए

विभाजन का सबसे गहरा घाव था सामाजिक विश्वास का टूटना। पंजाब, सिंध और बंगाल के अनेक हिस्सों में धार्मिक पहचान जीवन-मृत्यु का प्रश्न बन गई। अमृतसर, लाहौर, रावलपिंडी, मुल्तान, कोलकाता और नोआखली सहित अनेक क्षेत्र हिंसा से झुलस उठे। कल तक जो पड़ोसी एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते थे, अचानक एक-दूसरे से भयभीत होने लगे। नाम पूछा जाने लगा। धर्म पूछा जाने लगा और फिर यह तय होने लगा कि कौन अपना है और कौन पराया। यहीं विभाजन की असली त्रासदी दिखाई देती है

ट्रेनें, जो यात्रियों के बजाय मौत लेकर पहुंचीं

विभाजन की स्मृतियों में रेलगाड़ियां एक भयावह प्रतीक बनकर उभरीं। लाखों लोग रेलों के माध्यम से सीमा पार कर रहे थे। पर जब कई ट्रेनें अपने गंतव्य तक पहुंचीं तो उनमें जीवन नहीं, मृत्यु थी। खुशवंत सिंह के उपन्यास 'ट्रेन टू पाकिस्तान' में मनो माजरा के माध्यम से विभाजनकालीन पंजाब की बदलती मनः स्थिति को मार्मिक रूप से सामने रखा गया है। विभाजन की त्रासदी का सबसे दर्दनाक अध्याय महिलाओं की पीड़ा है। अपहरण, बलात्कार, जबरन धर्म परिवर्तन, परिवारों से बिछुड़ना और 'इज्जत' के नाम पर हिंसाइन घटनाओं ने हजारों महिलाओं का जीवन हमेशा के लिए बदल दिया। इस्लामिक हिंसा, जिहादी अपनी जितनी हद पार कर सकते थे, वह सभी कुछ इस दौर में होता हुआ देखा गया।

डेढ़ करोड़ विस्थापित

भारत की सीमा में पहुंचना भी विस्थापित परिवारों की त्रासदी का अंत नहीं था। कल तक जिसके पास घर था, वह अब शरणार्थी शिविर में था। जिसके पास खेत था, वह राशन की कतार में खड़ा था। जिसके पास कारोबार था, उसके सामने रोजगार का संकट था। दिल्ली और अन्य स्थानों पर शरणार्थी शिविरों में लोगों ने नए जीवन की शुरुआत की, मगर यही वह मोड़ था, जहां विभाजन की कहानी केवल पीड़ा की कहानी नहीं रही। उजड़े लोगों ने अपने हाथों से फिर संसार खड़ा किया। दुकानें खोलीं, कारोबार शुरू किए, उद्योग खड़े किए और बच्चों को शिक्षा दिलाई। विभाजन ने उनसे घर छीना, लेकिन घर बनाने की इच्छा नहीं छीन सका।इस अर्थ में शरणार्थियों की कहानी भारतीय समाज की अदम्य जीवटता की कहानी भी है।

एक गठरी में बचा पूरा संसार

विस्थापित लोगों के पास सामान कम था, स्मृतियां बहुत थीं। किसी के पास पुराने घर की चाबी थी। किसी के पास पुश्तैनी दस्तावेज। किसी के पास परिवार की तस्वीर। किसी ने घर की मिट्टी संभालकर रख ली। किसी के पास केवल अपने गांव का नाम बचा था। आर्थिक दृष्टि से इन चीजों का मूल्य शायद बहुत कम था, लेकिन भावनात्मक दृष्टि से वही उनका पूरा संसार थीं।

साहित्य ने इतिहास की चीख को शब्द दिए

इतिहास तारीखें दर्ज करता है, साहित्य दर्द दर्ज करता है। सआदत हसन मंटो की 'टोबा टेक सिंह' विभाजन की सबसे तीखी मानवीय व्याख्याओं में गिनी जाती है। बिशन सिंह का प्रश्न, वतन आखिर कहां है ? विभाजन से विस्थापित व्यक्ति की पहचान के संकट का प्रतीक बन जाता है।

भीष्म साहनी का 'तमस' बताता है कि सांप्रदायिक उन्माद किस तरह सामान्य समाज को हिंसा में धकेल सकता है। अफवाह, उकसावा और राजनीतिक स्वार्थ मिलकर वर्षों के सामाजिक विश्वास को नष्ट कर सकते हैं। क्या विभाजन टाला जा सकता था? यह इतिहास का सबसे कठिन प्रश्न है। राष्ट्रीय चेतना के प्रखर लेखक हो. वे. शेषाद्री की 'और देश बट गया' में यह प्रश्न उठाया गया है कि क्या विभाजन अनिवार्य था। पुस्तक की दृष्टि से राष्ट्रीय नेतृत्व की राजनीतिक दृढ़ता और निर्णयों को इस संदर्भ में महत्वपूर्ण माना गया है, किंतु इस प्रश्न का कोई एक निर्विवाद उत्तर नहीं है। इतिहासकार ब्रिटिश सत्ता के शीघ्र हस्तांतरण, सांप्रदायिक हिंसा, मुस्लिम लीग की राजनीतिक मांग, कांग्रेस की परिस्थितियों और प्रशासनिक संकट जैसे अनेक कारणों को सामने रखते हैं। जिसमें कि एक निष्कर्ष निर्विवाद है कि विभाजन की कीमत बहुत बड़ी थी और उसका सबसे बड़ा बोझ आम मनुष्य ने उठाया।

स्मृति क्यों जरूरी है?

दरअसल, केंद्र की मोदी (भारत) सरकार का 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में याद किया जाना इसी सामूहिक स्मृति को जीवित रखने का प्रयास है। इसका उद्देश्य उन लोगों को स्मरण करना है जिन्होंने विभाजन की भयावह कीमत चुकाई। इन तमाम स्मृतियों को संजोने का अर्थ ह्दय की चेतना और संवेदना है, क्योंकि इतिहास को भूलना यानी अतीत को खोने और उससे सबक न लेते हुए भविष्य के लिए चेतावनी भी है।

एक पीढ़ी ने खोया, दूसरी ने उसकी कहानी संभाली

आज 1947 की प्रत्यक्ष पीढ़ी धीरे-धीरे कम होती जा रही है, मगर उनकी कहानियां अभी भी परिवारों में जीवित हैं। किसी पुराने संदूक में घर की चाबी है। किसी तस्वीर में एक घर है। किसी बुजुर्ग की स्मृति में एक गली है।

## आज का इतिहास

1912 - यूसुस मरीन ने तीन साल पहले इस्तीफा देने के बाद वहां स्थापित अमेरिकी समर्थित सरकार का समर्थन करने के लिए निकारागुआ पर हमला किया था.

1916 - रोमानिया ऑस्ट्रिया-हंगरी पर युद्ध की घोषणा की.

1921 - तन्नू उरियनखाई, बाद में तुवन पीपुल्स रिपब्लिक एक पूरी तरह से स्वतंत्र देश (जिसे सोवियत रूस द्वारा समर्थित है) के रूप में स्थापित किया गया था.

1935 - फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने सामाजिक सुरक्षा अधिनियम पर हस्ताक्षर किए सेवानिवृत्त होने के लिए सरकारी पेंशन प्रणाली तैयार की गयी थी.

1936 - संयुक्त राज्य अमेरिका में आखिरी ज्ञात सार्वजनिक निष्पादन में ओवेन्सबोरो, केंटकी में रेनी बेथेआ को फांसी दी गई थी.

1941 - द्वितीय विश्व युद्धः विंस्टन चर्चिल और फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने युद्ध के लक्ष्य के बारे में बताते हुए युद्ध के अटलांटिक चार्टर पर हस्ताक्षर किए थे.

1945 - वियत मिन्ह ने वियतनाम को भरे राजनीतिक भ्रम और बिजली निर्वात के बीच अगस्त क्रांति की शुरुआत की थी.

1947 - पाकिस्तान ने ब्रिटिश साम्राज्य से स्वतंत्रता हासिल की और राष्ट्रमंडल राष्ट्रों में शामिल हो गया था.

1959 - अमेरिकी फुटबॉल लीग की स्थापना और पहली आधिकारिक बैठक हुई थी.

1967 - यूके समुद्री प्रसारण अपराध अधिनियम ने ऑफशोर समुद्री डाकू रेडियो में अवैध भागीदारी की घोषणा की थी.

1972 - एक इलुशिन इल -62 एयरलाइनर उड़ान पूर्वी जर्मनी के कोनिग्स वस्टरहौसेन के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गयी जिसमे 156 की मौत हुई थी.

1973 - 1973 का पाकिस्तान संविधान प्रभावी हो गया था.

2005 - हेलिओस एयरवेज फ्लाइट 522 ग्रीस के ग्रामामैटिको के पास पहाड़ियों में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी जिसमे 121 यात्रियों और चालक दल की मौत हो गयी थी.

2006 - श्री लंका वायु सेना हवाई हमले द्वारा चेन्चोलाई बम विस्फोट में 61 स्कूली छात्राएं मारे गए थे.

2007 - कथानिया बमबारी में कम से कम 334 लोग मारे गए थे.

2013 - मिस्र आपातकाल की स्थिति घोषित करता है क्योंकि सुरक्षा बलों ने पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद मोर्सी का समर्थन करने वाले सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को मार दिया था.।

# भारत की आजादी में वीर बलिदानियों व महापुरुषों की भूमिका

**भारत की स्वतंत्रता का इतिहास केवल किसी एक व्यक्ति, एक आंदोलन या एक विचारधारा की देन नहीं है। यह अनेक धारा, संघर्ष, बलिदानों और राजनीतिक प्रयोगों का परिणाम था। महात्मा गांधी का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में प्रवेश ऐसे दौर में हुआ जब कांग्रेस मुख्यतः शिक्षित और राजनीतिक वर्ग की संस्था थी। गांधी ने स्वतंत्रता के संघर्ष को गांव, किसान, मजदूर, महिलाओं और सामान्य जनता तक पहुंचाया। चंपारण सत्याग्रह, खेड़ा सत्याग्रह और अहमदाबाद मिल आंदोलन से लेकर असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन तक गांधी ने भारतीय राजनीति को जनआंदोलन का स्वरूप दिया, उन्होंने सामान्य भारतीय को यह विश्वास दिया कि बिना हथियार उठाए भी साम्राज्यवादी सत्ता को चुनौती दी जा सकती है।**

डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

चंपारण इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। बिहार के चंपारण में नील की जबरन खेती और किसानों के शोषण के विरुद्ध गांधी का सत्याग्रह केवल स्थानीय किसान समस्या का आंदोलन नहीं था। उसने भारतीय जनता को यह अनुभव कराया कि संगठित और अहिंसक प्रतिरोध से सत्ता को झुकाया जा सकता है, लेकिन यह कहना इतिहास को अत्यधिक सरल बना देना होगा कि गांधी के सत्याग्रह के कारण अकेले भारत स्वतंत्र हुआ। स्वतंत्रता का संघर्ष कई धाराओं में एक साथ चल रहा था। क्रांतिकारी आंदोलन, किसान आंदोलन, मजदूर आंदोलन, कांग्रेस की राजनीतिक गतिविधियां, समाजवादी विचारधारा और विदेशों में भारतीयों के प्रयासों ने भी ब्रिटिश शासन पर दबाव बनाया।



यहीं नेताजी सुभाषचंद्र बोस और आजाद हिंद फौज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। सुभाषचंद्र बोस गांधी की रणनीति से सहमत नहीं थे। वे मानते थे कि ब्रिटिश साम्राज्य को भारत से हटाने के लिए अधिक आक्रामक और सैन्य रणनीति आवश्यक है, उन्होंने आजाद हिंद सरकार की स्थापना की और आजाद हिंद फौज के माध्यम से ब्रिटिश सत्ता को सैन्य चुनौती देने का प्रयास किया। आजाद हिंद फौज सैन्य दृष्टि से अंततः ब्रिटिश सेना को पराजित नहीं कर सकी लेकिन उसका प्रभाव केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं था। युद्ध के बाद आजाद हिंद फौज के अधिकारियों पर चले मुकदमों ने पूरे देश में व्यापक जनभावना पैदा की। भारतीय सेना और जनता के भीतर यह भावना मजबूत हुई कि अंग्रेजों के लिए भारतीय सैनिकों की निष्ठा हमेशा के लिए सुनिश्चित नहीं है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद ब्रिटेन आर्थिक और सैन्य रूप से कमजोर हो चुका था। इसलिए भारत पर लंबे समय तक शासन बनाए रखना उसके लिए पहले की तुलना में कहीं अधिक कठिन हो गया था।

इस दृष्टि से देखा जाय तो गांधी और सुभाष की भूमिकाओं को एक-दूसरे के विरोधी खेमों में रखकर समझना अधूरा होगा। गांधी ने भारतीय समाज को राजनीतिक रूप से जागृत और संगठित किया, जबकि सुभाष ने भारतीय स्वतंत्रता की आकांक्षा को अंतरराष्ट्रीय और सैन्य आयाम देने का प्रयास किया। एक ने जनशक्ति को संगठित किया, दूसरे ने औपनिवेशिक सत्ता के सैन्य आधार को चुनौती देने का प्रयास किया, इसके अतिरिक्त भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल और असंख्य क्रांतिकारियों के बलिदान ने भारतीय स्वतंत्रता चेतना को गहरा किया। सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू, मौलाना आजाद और डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे नेताओं ने राजनीतिक संघर्ष को अलग-अलग स्तरों पर आगे बढ़ाया। लाखों अनाम भारतीयों ने जेलें भरीं, आर्थिक कठिनाइयां झेलीं और आंदोलन में भाग लिया। इसलिए 15 अगस्त 1947 को मिली स्वतंत्रता को किसी एक व्यक्ति की विजय कहना इतिहास के साथ न्याय नहीं होगा। भारत की आजादी अनेक शक्तियों के संयुक्त दबाव का परिणाम थी। गांधी उस व्यापक संघर्ष के सबसे प्रभावशाली जननेताओं में से एक थे लेकिन वे अकेले स्वतंत्रता के निर्माता नहीं थे।

अब प्रश्न आता है- गांधी को राष्ट्रपिता क्यों कहा गया?

यह समझना आवश्यक है कि 'राष्ट्रपिता' गांधी की कोई संवैधानिक या विधिक उपाधि नहीं है। यह एक सम्मानसूचक संबोधन है, जो उनकी भूमिका और राष्ट्रीय जीवन पर उनके व्यापक प्रभाव के संदर्भ में प्रचलित हुआ। सुभाषचंद्र बोस ने 1944 में गांधी को 'राष्ट्रपिता' कहकर संबोधित किया था। बाद के वर्षों में यह संबोधन जनमानस में व्यापक रूप से स्थापित हो गया। आज के परिप्रेक्ष्य में गांधी की प्रासंगिकता पर भी बहस होनी चाहिए। गांधी के सभी विचारों को आंख बंद करके स्वीकार करना आवश्यक नहीं है, उनके आर्थिक विचार, औद्योगीकरण संबंधी दृष्टिकोण, जाति और सामाजिक प्रश्नों पर उनके विचार तथा राजनीतिक प्रयोग आज आलोचना और पुनर्मूल्यांकन के विषय हो सकते हैं लेकिन गांधी की अहिंसा, सत्य, जनभागीदारी, नैतिक राजनीति और सत्ता के विरुद्ध शांतिपूर्ण प्रतिरोध की अवधारणाएं आज भी महत्वपूर्ण हैं। दुनिया के अनेक लोकतांत्रिक और नागरिक अधिकार आंदोलनों ने गांधी के अहिंसक संघर्ष से प्रेरणा ली।

युवा पीढ़ी को गांधी से सहमत होने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता बल्कि उसे गांधी, सुभाष, भगत सिंह और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को पढ़ने, उनके विचारों की तुलना करने और स्वयं निष्कर्ष निकालने का अवसर मिलना चाहिए। राष्ट्रभक्ति का अर्थ अपने इतिहास को ईमानदारी से समझना है। गांधी को राष्ट्रपिता मानना या न मानना व्यक्तिगत या वैचारिक प्रश्न हो सकता है, लेकिन उनकी ऐतिहासिक भूमिका से इनकार करना कठिन है। उसी प्रकार सुभाषचंद्र बोस और आजाद हिंद फौज की भूमिका को कम करके देखना भी इतिहास के साथ अन्याय होगा। भारत की आजादी गांधी की अहिंसा मात्र से नहीं मिली और न ही केवल सुभाषचंद्र बोस की सैन्य रणनीति से। गांधी के जनांदोलनों, सुभाष की चुनौती, क्रांतिकारियों के बलिदान, राजनीतिक नेतृत्व, जनता के व्यापक प्रतिरोध, द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद ब्रिटेन की कमजोर स्थिति और भारतीय सैनिकों तथा नौसैनिकों में बढ़ते असंतोष- इन सभी ने मिलकर वह ऐतिहासिक परिस्थिति बनाई जिसमें ब्रिटिश शासन के लिए भारत पर नियंत्रण बनाए रखना कठिन होता गया। इसलिए गांधी को समझने का सही तरीका उन्हें देवता बनाना नहीं बल्कि इतिहास के एक अत्यंत प्रभावशाली और जटिल व्यक्तित्व के रूप में देखना है। सुभाष को समझने का सही तरीका भी गांधी के विरोध में खड़ा करके उनकी महत्ता तय करना नहीं है। भारत की स्वतंत्रता किसी एक व्यक्ति की निजी उपलब्धि नहीं थी; यह करोड़ों भारतीयों के संघर्ष का परिणाम थी।

## आज का राशिफल

मेष- लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-6-8

वृष- अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

मिथुन- समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

कर्क- मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

सिंह- संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

कन्या- पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

तुला- माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक- नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

धनु- कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

मकर- कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

कुम्भ- शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

मीन- पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल कलेक्टर और एसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए गुरुवार को आमाखेरवा ग्राउंड, मनेंद्रगढ़ में जिला स्तरीय समारोह का अंतिम रिहर्सल आयोजित किया गया कलेक्टर सुसंतन देवी जांगड़े एवं पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने परेड, ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे रिहर्सल के दौरान डिप्टी कलेक्टर स्वप्निल वर्मा ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए ध्वजारोहण, राष्ट्रगान और परेड सलामी की पूरी प्रक्रिया का अभ्यास किया। उन्होंने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया और परेड की विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। जिला स्तरीय समारोह के लिए मिनट-टू-मिनट रिहर्सल कर कार्यक्रम की प्रत्येक गतिविधि को निर्धारित समय के अनुसार पूरा करने का अभ्यास किया गया कलेक्टर सुसंतन देवी जांगड़े ने समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था मंच निर्माण, बैरिकेडिंग सुरक्षा व्यवस्था, अतिथि दीर्घा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने को कहा संभावित बारिश को देखते हुए उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी को समारोह की गरिमा और अनुशासन बनाए रखने के साथ कार्यक्रमों का निर्धारित समय-सीमा में संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में किसी भी स्तर पर अव्यवस्था न हो और आम नागरिकों एवं अतिथियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें गौरतलब है कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को सुबह 9 बजे आमाखेरवा ग्राउंड, मनेंद्रगढ़ में आयोजित होगा मनेंद्रगढ़ विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे वे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और इसके बाद राष्ट्रगान होगा। मुख्य अतिथि परेड की सलामी लेने के साथ मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों तथा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएग समारोह को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है निरीक्षण के दौरान पुलिस विभाग से आरआई हेमंत टोप्पो, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम, एसडीएम लिंगराज सिदार, तहसीलदार सहित स्वास्थ्य विभाग जनपद पंचायत आदिम जाति विकास विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस सैलरी पैकेज बना कठिन समय में सहारा: दिवंगत प्रधान आरक्षक के परिवार को 1.23 करोड़ की सहायता, बेटे को अनुकंपा नियुक्ति



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (निप्र)।** मध्यप्रदेश पुलिस ने ड्यूटी के दौरान दिवंगत हुए प्रधान आरक्षक के परिवार को पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत 1 करोड़ 23 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है इसके साथ ही दिवंगत पुलिसकर्मी के पुत्र को बाल आरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति भी दी गई है पुलिस विभाग ने इसे परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है थाना ब्यावरा सिटी में पदस्थ प्रधान आरक्षक सर्जन भील की 6 नवंबर 2025 को ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी उनके परिवार को पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक, फूलखेड़ी शाखा, राजगढ़ के माध्यम से बीमा सहायता राशि प्रदान की गई पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी ने दिवंगत प्रधान आरक्षक के आश्रित पिता रामदयाल भील और पत्नी वर्षा भील को 1 करोड़ 23 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया वहीं उनके पुत्र शरद भील को बाल आरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने परिवार से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहयोग एवं सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। मध्यप्रदेश पुलिस के अनुसार पुलिस वेतन पैकेज खाते के माध्यम से पुलिसकर्मियों को कई वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें आकस्मिक मृत्यु पर एक करोड़ रुपए का बीमा, होम लोन पर विशेष ब्याज दर, मुफ्त डेबिट कार्ड, बीमा सुविधाएं और परिवार के लिए अतिरिक्त आर्थिक सुरक्षा कवच शामिल हैं योजना का उद्देश्य ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी के साथ होने वाली अनहोनी की स्थिति में उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है।

# खेल एवं युवा दिवस पर बालिकाओं ने दिखाई प्रतिभा विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली में खेल एवं युवा दिवस का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर सु संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया कार्यक्रम का संचालन महिला सशक्तिकरण केंद्र हब की जिला मिशन समन्वयक मती तारा कुशवाहा द्वारा किया गया कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कुर्सी दौड़, रस्साकस्सी, 100 मीटर दौड़, लंगड़ी दौड़ सहित अन्य खेल गतिविधियां शामिल रहीं बालिकाओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया खेल गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं में आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का संदेश दिया गयाप्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार प्राप्त करने वाली बालिकाओं के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण से मती अंजनी यादव, सखी वन स्टॉप सेंटर से मती प्रियंका राजवाड़े तथा महिला सशक्तिकरण केंद्र से मती अनीता कुमारी शाह ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया इसके साथ ही विद्यालय एवं शिक्षा विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा भी कार्यक्रम के आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना रहा आयोजन में बालिकाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल और प्रेरणादायी बनाया।

## अवैध परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, 4 ट्रैक्टर और 1 टिपर जब्त



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिला कलेक्टर के निर्देश पर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में अवैध उत्खनन एवं खनिज परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जांच एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के तहत तहसील मनेंद्रगढ़ के ग्राम घुटरा हस्तिनापुर और चैनपुर क्षेत्र में खनिज विभाग की टीम ने अवैध रूप से खनिज का परिवहन कर रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जांच के दौरान टीम ने मुरुम, मिट्टी (ईंट) और रेत का बिना वैध दस्तावेज परिवहन करते हुए कुल चार ट्रैक्टर और एक टिपर को पकड़ा। मौके पर जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर विभागीय अधिकारियों ने सभी वाहनों को जब्त कर लिया। जब्त किए गए वाहनों को नियमानुसार कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया है खनिज विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनिज कारोबार में लगे लोगों में हड़कंप की स्थिति है विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में बिना अनुमति खनिज उत्खनन भंडारण और परिवहन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों की टीम द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में वाहनों की जांच के साथ-साथ खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर भी नजर रखी जा रही है विभाग के अनुसार जब्त वाहनों के मालिकों के खिलाफ खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने खनिज कारोबार से जुड़े लोगों को वैध अनुमति एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ ही खनिज परिवहन करने की हिदायत दी है अधिकारियों का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध

## संकट में देवदूत बनी मध्यप्रदेश पुलिस: सीधी में फंदे से व्यक्ति को बचाया, छतरपुर में पलटे ई-रिक्शा से यात्रियों का रेस्क्यू

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ संकट की परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए भी तत्पर है। सीधी और छतरपुर जिलों में पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने दो अलग-अलग घटनाओं में नागरिकों की जान बचाई दोनों मामलों में पुलिसकर्मियों ने समय पर मौके पर पहुंचकर साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। सीधी जिले के ग्राम कोनिया में एक 60 वर्षीय व्यक्ति के घर के अंदर खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने की सूचना डायल-112 ड्यूटी में तैनात आरक्षक रविंद्र सिंह को मिली। सूचना मिलते ही आरक्षक तत्काल मौके पर पहुंचे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां पूरी, कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे ध्वजारोहण



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल इस वर्ष मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे ज़िला प्रशासन द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2026 को प्रातः 9:00 बजे पुलिस ग्राउंड आमाखेरवा, मनेन्द्रगढ़ में गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न होगा मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम विवरण जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम की समय-सारणी इस प्रकार है: प्रातः 08:58 बजे: माननीय मुख्य अतिथि का आगमन, प्रातः 09:00 बजे: राष्ट्रगीत, ध्वजारोहण, सलामी एवं राष्ट्रगान, प्रातः 09:07 बजे: मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, प्रातः 09:15 बजे: मार्च पास्ट, प्रातः 09:25 बजे: माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन, प्रातः 09:45 बजे: स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रातः 11:00 बजे: उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण, प्रातः 11:15 बजे: भव्य कार्यक्रम का समापन जिला प्रशासन की अपील कलेक्टर और जिला प्रशासन, एमसीबी ने जिले के सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों को इस राष्ट्रीय पर्व में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया है प्रशासन द्वारा अनुरोध किया गया है कि सभी प्रातः 8:45 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर अपना स्थान ग्रहण कर लेवें ताकि समारोह सुचारू रूप से शुरू हो सके।

# सरोज पांडेय के 2018 राज्यसभा निर्वाचन मामले में बैंक खाते की जानकारी पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय के वर्ष 2018 के राज्यसभा निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई सुनवाई के दौरान उनके कथित बैंक खाते से जुड़ी जानकारी का मामला सामने आया हाईकोर्ट ने बैंक खाते की डिटेल मंगाए जाने संबंधी आवेदन पर सरोज पांडेय को दो सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है मामले की सुनवाई जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच में हुई याचिकाकर्ता एवं तत्कालीन कांग्रेस प्रत्याशी लेखराम साहू का आरोप है कि वर्ष 2018 के राज्यसभा चुनाव के दौरान सरोज पांडेय ने निर्वाचन आयोग को दिए शपथपत्र में अपने बैंक खाते से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी का उल्लेख नहीं किया था इसी आरोप को लेकर बैंक खाते की जानकारी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कराने की मांग की गई है मार्च 2018 में छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की एक सीट के लिए चुनाव हुआ था भाजपा ने सरोज पांडेय को प्रत्याशी बनाया था जबकि कांग्रेस की ओर से लेखराम साहू चुनाव मैदान में थे। नामांकन के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने सरोज पांडेय के नामांकन पत्र और शपथपत्र में कथित तौर पर महत्वपूर्ण जानकारी छिपाए जाने को लेकर आपत्ति जताई थी। तत्कालीन निर्वाचन अधिकारी ने आपत्तियों को खारिज कर दिया था। इसके बाद मामला निर्वाचन आयोग और राज्यपाल तक भी पहुंचा, लेकिन चुनाव हुआ और सरोज पांडेय निर्वाचित घोषित हुईं चुनाव परिणाम के बाद लेखराम साहू ने कथित गलत जानकारी देने और अपात्र विधायकों को मतदान की अनुमति दिए जाने सहित अन्य आधारों पर हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की थी। यह मामला लंबे समय से लंबित है और नियमित सुनवाई के दौर में है याचिकाकर्ता की ओर से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से संबंधित बैंक खाते की जानकारी कोर्ट में लाने की मांग की गई है। बैंक की ओर से पहले थर्ड पार्टी इंफॉर्मेशन का हवाला देकर जानकारी देने से इनकार किया गया था। याचिकाकर्ता ने बैंकर्स बुक्स एविडेंस एक्ट, 1891 की धारा 6 के तहत न्यायालय से संबंधित रिकॉर्ड मंगाने का आग्रह किया है सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि सरोज पांडेय इस मामले में गवाही देने से इनकार कर चुकी हैं अब बैंक खाते की जानकारी से जुड़े आवेदन पर उनका जवाब मिलने के बाद मामले में आगे की सुनवाई होगी।

## लंबित वेतन निर्धारण और पेंशन मामलों के निपटारे के लिए 19 अगस्त को लगेगा विशेष शिविर

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिला कलेक्टर कार्यालय (कोषालय शाखा) द्वारा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के शासकीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण राहत भरी खबर है जिले के आहरण एवं संवितरण (DDO) कार्यालयों में लंबे समय से लंबित पड़े वेतन निर्धारण और पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर से जुड़ी मुख्य जानकारियां तारीख: 19 अगस्त 2026, समय: सुबह 11:00 बजे से, स्थान: जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष में आयोजक: संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, अम्बिकापुर संभाग (सरगुजा) अधिकारियों और लिपिकों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने कार्यालय के लंबित मामलों से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ पेंशन कक्ष प्रभारी या लिपिक को इस शिविर में अनिवार्य रूप से भेजें। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कागजी कार्यवाहियों और तकनीकी वजहों से अटके हुए पेंशन एवं वेतन निर्धारण के मामलों का मौके पर ही निपटारा करना है, ताकि सेवानिवृत्त और सेवारत कर्मचारियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# 18 अगस्त को टेबल टॉप, एमसीबी में तैयारियां तेज 20 अगस्त को राज्यव्यापी मॉक ड्रिल



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मानसून के दौरान संभावित बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए छत्तीसगढ़ में राज्यव्यापी मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 18 अगस्त को टेबल टॉप एक्सरसाइज और 20 अगस्त को व्यापक मॉक एक्सरसाइज आयोजित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में भी इसे लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं कलेक्टर कार्यालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर 13 अगस्त को सुबह 11 बजे कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा अपने-अपने विभाग की तैयारियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए बैठक में बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया और राहत-बचाव कार्यों की व्यवस्था पर चर्चा की गई। साथ ही मॉक ड्रिल के लिए नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय करने और विभागवार तैयारियों को अंतिम रूप देने पर जोर दिया गया कई विभाग रहेंगे अलर्ट मोड पर बाढ़ नियंत्रण एवं राहत-बचाव कार्यों में बेहतर अंतर-विभागीय समन्वय के लिए पुलिस एवं सुरक्षा बलों को कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिला सेनानी एवं अग्निशमन विभाग रेस्क्यू तथा होमगार्ड की तैनाती की व्यवस्था देखेगा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और एंबुलेंस सेवाओं की तैयारी रखी जाएगी जल संसाधन विभाग को नदियों एवं जलाशयों के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने की जिम्मेदारी दी गई है विद्युत एवं दूरसंचार विभाग बिजली और संचार व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए तैयार रहेगा वहीं खाद्य एवं परिवहन विभाग राहत शिविरों में आवश्यक खाद्य सामग्री की उपलब्धता और वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार 18 अगस्त को होने वाली टेबल टॉप एक्सरसाइज में बाढ़ आपदा की काल्पनिक स्थिति को लेकर विभागीय एसओपी और कार्ययोजना की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद 20 अगस्त को मैदानी स्तर पर बाढ़ जैसी कृत्रिम आपदा की स्थिति निर्मित कर लाइव रेस्क्यू और राहत-बचाव अभियान का अभ्यास किया जाएगा जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि 20 अगस्त को मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस प्रशासन स्वास्थ्य अग्निशमन एवं अन्य विभागों की असामान्य गतिविधियां देखकर घबराएं नहीं यह पूरी प्रक्रिया संभावित बाढ़ आपदा के दौरान प्रशासन की तैयारियों और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को परखने के लिए सुरक्षा अभ्यास के रूप में आयोजित की जाएगी।

## रेडीमेड कपड़ों की दुकान का शटर तोड़ा, ताले नहीं तोड़ पाए चोर चोरी की वारदात टली




**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के टेकरी बाजार स्थित लाहौटी कॉम्प्लेक्स में चोरों ने एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में सेंध लगाने का प्रयास किया।चोरों ने दुकान का शटर तोड़ दिया लेकिन ताले नहीं तोड़ पाने के कारण चोरी की वारदात को अंजाम नहीं दे सके सुबह दुकान खोलने पहुंचे संचालक को घटना की जानकारी हुई जिसके बाद इलाके के व्यापारियों में हड़कंप मच गया दुकान संचालक अनुज जैन के मुताबिक बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे वह रोज की तरह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे गुरुवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर के सामने ग्रीस नट-बोल्ट और अन्य सामान बिखरा हुआ मिला संदेह होने पर उन्होंने शटर की जांच की तो उसका ऊपरी हिस्सा और शटर खोलने वाला लीवर टूटा हुआ पाया गया दुकान संचालक ने आशंका जताई कि अज्ञात चोरों ने रात के समय शटर तोड़कर दुकान के अंदर प्रवेश करने का प्रयास किया था हालांकि वे शटर के ताले तोड़ने में सफल नहीं हो सके ताले नहीं टूटने के कारण चोरों को बिना चोरी किए ही मौके से लौटना पड़ा इससे दुकान में रखा सामान सुरक्षित बच गया टेकरी बाजार के साथ ही प्रगति बाजार और सराफा बाजार भी आसपास स्थित हैं यह शहर का प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र है जहां सैकड़ों दुकानें संचालित होती हैं व्यापारियों के अनुसार बाजार क्षेत्र में रात के समय पुलिस की गश्त भी रहती है। इसके बावजूद दुकान में चोरी के प्रयास की घटना सामने आने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में चिंता बढ़ गई है व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की मांग की है ताकि भविष्य में चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगाया जा सके।

## जीआर ट्रेडर्स पर खाद्य विभाग की छापामार कार्रवाई, अरिहंत ब्रांड का 126 लीटर घी जब्त, जांच के लिए भेजे सैंपल



**मीडिया ऑडीटर, सागर (निप्र)।** सागर में आगामी त्योहारों को देखते हुए प्रशासन ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जिले के अलग-अलग स्थानों पर खाद्य विभाग की टीम प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर रही है। इसी के तहत टीम ने वर्णी कॉलोनी स्थित जीआर ट्रेडर्स पर छापामार कार्रवाई की। यहां अरिहंत ब्रांड का घी मिला, जिसके जीआर ट्रेडर्स अधिकृत विक्रेता हैं। टीम ने 900 एमएल के 140 डिब्बे जब्त कर घी के सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।

**126 लीटर घी किया जब्त:** खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह ने बताया कि जीआर ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। यहां अरिहंत ब्रांड के घी के सैंपल लिए गए। कार्रवाई के दौरान मौके से 77 हजार रुपए कीमत का 126 लीटर घी जब्त किया गया है।खाद्य विभाग ने लिए गए घी के सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**त्योहारी सीजन में बढ़ जाती है मांग:** खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह ने बताया कि त्योहारी सीजन में घी, मावा, मिठाई, तेल समेत अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में इन खाद्य पदार्थों में मिलावट का संदेह भी बढ़ जाता है। इसे देखते हुए विभाग लगातार अलग-अलग प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सैंपलिंग कर रहा है। उन्होंने कहा कि जांच में मिलावट पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हर घर तिरंगा अभियान के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

**मीडिया ऑडीटर, सीहोर (निप्र)।** जिले में 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर अधिकारियों को नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभियान का आयोजन 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। संबंधित अधिकारियों को अभियान की गतिविधियों के सुचारू संचालन, समन्वय तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान से संबंधित गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर श्री बालागुरू के. द्वारा अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समय-सीमा में निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सिवनी के बंजारी घाट में कार पलटी:दो किसान घायल, समय पर एंबुलेंस नहीं आई तो लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

**मीडिया ऑडीटर, सिवनी (निप्र)।** सिवनी जिले के घंसौर थाना इलाके में गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे बंजारी घाट के पास एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में कार सवार जगदीश यादव (40 साल) और नोखेलाल कनोजिया (45 साल) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पेशे से किसान हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार काफी तेज रफ्तार में बंजारी घाट की तरफ से आ रही थी, तभी अचानक ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी सड़क पर पलट गई। हादसा होते ही आसपास से गुजर रहे राहगीरों और स्थानीय लोगों ने दौड़कर क्षतिग्रस्त कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला।

**समय पर नहीं पहुंची 108 एंबुलेंस:** घायलों को फौरन अस्पताल पहुंचाने के लिए लोगों ने 108 एंबुलेंस को फोन मिलाया। काफी कोशिशों के बाद कॉल तो लगा, लेकिन एंबुलेंस समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी। घायलों की बिगड़ती हालत को देखते हुए स्थानीय लोगों ने देर न करते हुए उन्हें खुद ही लखनादौन अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों का इलाज जारी है।

## सिवनी मालवा में विशाल तिरंगा यात्रा निकली

# उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने की हर घर तिरंगा लगाने की अपील

**मीडिया ऑडीटर, सिवनी मालवा (निप्र)।** स्वतंत्रता दिवस से पहले सिवनी मालवा नगर पालिका ने गुरुवार को एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कई सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल हुए। मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा भी हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए और लोगों का उत्साह बढ़ाया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ उपनगरी बानापुरा स्थित ओवरब्रिज से हुआ। बानापुरा ओवरब्रिज से शुरू होकर यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सिवनी मालवा के शिवराज पार्क पहुंची। रास्तेभर लोगों ने तिरंगा लहराकर यात्रा का स्वागत किया।



**शहीदों को श्रद्धांजलि:** शिवराज पार्क पहुंचने पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश भी दिया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया, जिसके बाद तिरंगा यात्रा का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि इस समय पूरे देश में तिरंगा यात्रा, घर-घर तिरंगा और हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं अपील करूंगा कि हिंदुस्तान का हर परिवार अपने घर पर तिरंगा लगाए और गर्व महसूस करे। हमें अपने देश पर बहुत गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सभी के लिए गौरव का पर्व है। देश को आजादी दिलाने वाले वीर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए हमें राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए।

**राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश:** उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि दो दिन बाद देश स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और लोगों से स्वतंत्रता दिवस के पर्व को उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा जैसे आयोजन लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को देश के लिए किए गए बलिदानों की जानकारी देते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश भी पहुंचता है।

# पिपरिया में स्कूलों ने तिरंगा यात्राएं निकली

## कॉलेज में रंगोली-वॉल पेंटिंग से दिया देशभक्ति का संदेश

**मीडिया ऑडीटर, पिपरिया (निप्र)।** पिपरिया में स्वतंत्रता दिवस से पहले शैक्षणिक संस्थानों में देशभक्ति कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। गुरुवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत स्कूलों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। वहीं, शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तिरंगा रंगोली, वॉल पेंटिंग और संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**गांधी शाला के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली:** शासकीय माध्यमिक गांधी शाला के विद्यार्थियों ने गुरुवार को तिरंगा रैली निकाली। रैली इतवारा बाजार दशहरा मैदान से शुरू होकर पचमढ़ी रोड से होते हुए वापस स्कूल पहुंचकर समाप्त हुई। विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाए और लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।



**हथवास में भी निकली तिरंगा यात्रा:** पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल हथवास और खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा हथवास गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए झंडा चौक पहुंची और वापस स्कूल में समाप्त हुई। इसमें शामिल छात्र-छात्राओं ने तिरंगा हाथ में लेकर 'हर घर तिरंगा' और 'वंदे मातरम्' के नारे लगाए। इस अवसर पर प्राचार्य नरेंद्र कुमार तंतुवाय, समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण प्रीतम सिंह पुर्विया सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

**कॉलेज में रंगोली और वॉल पेंटिंग बनाई:** शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा एवं सांस्कृतिक समिति ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा रंगोली, तिरंगा वॉल पेंटिंग और तिरंगा संगीत कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन भी हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजीव माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को तिरंगे के सम्मान, राष्ट्रीय एकता और अखंडता के साथ देश के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। संगीत कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। वहीं, रंगोली और वॉल पेंटिंग के जरिए विद्यार्थियों ने तिरंगे के रंगों और राष्ट्रीय भावना को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में समिति प्रभारी डॉ. अनिता सेन सहित समिति के अन्य सदस्य और कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

## जनसुनवाई बनी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की राह, टीसी और अंकसूची संबंधी तीन समस्याएं हुई हल

**मीडिया ऑडीटर, विदिशा (निप्र)।** जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में निजी स्कूलों से विद्यार्थियों को टीसी एवं अंकसूची नहीं मिलने से जुड़ी तीन समस्याओं का त्वरित निराकरण कर विद्यार्थियों को राहत पहुंचाई गई। गंजबासौदा भारत माता कॉन्वेंट स्कूल के छात्र अंकुर को उसकी अंकसूची एवं टीसी मिली तथा विदिशा के बलभद्र हायर सेकेंडरी स्कूल, टीलाखेड़ी के छात्र दिव्यांश यादव और विदिशा के ही वात्सल्य स्कूल के छात्र जय वर्धन को भी स्कूल से टीसी दिलाने की कार्यवाही की गई है। अब अंकुर, दिव्यांश यादव और जय वर्धन बिना किसी बाधा के अपनी आगे की शिक्षा जारी रख सकेंगे। जिला प्रशासन की पहल से विद्यार्थियों एवं उनके परिवारों को राहत मिली है और उनके उज्ज्वल भविष्य की राह आसान हुई है।

**अंकुर को मिली 10वीं की अंकसूची और टीसी:** जनसुनवाई में आवेदक श्री खिलान सिंह ने अपने पुत्र अंकुर की टीसी एवं 10वीं कक्षा की अंकसूची नहीं मिलने की समस्या रखी थी। उन्होंने बताया कि भारत माता कन्वेंट स्कूल, बासौदा द्वारा उनके पुत्र की 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने की अंकसूची एवं टीसी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिला प्रशासन ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्कूल से संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई कराई। इसके परिणामस्वरूप छात्र अंकुर को उसकी अंकसूची एवं टीसी उपलब्ध करा दी गई।

# खरगोन में दो दिन में 9.5 इंच बारिश, सड़कें क्षतिग्रस्त

## कई इलाकों में जलभराव की स्थिति, अपरवेदा बांध का गेट सवा मीटर खुला



**मीडिया ऑडीटर, खरगोन (निप्र)।** खरगोन में दो दिनों की भारी बारिश के बाद गुरुवार को लोगों को कुछ राहत मिली। इन दो दिनों में जिले में कुल 9.5 इंच बारिश दर्ज की गई। तेज बारिश के कारण कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई और कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी। सतपुड़ा क्षेत्र में बारिश रुकने के बाद अपरवेदा बांध का एक गेट सवा मीटर खोलकर जलस्तर को नियंत्रित किया जा रहा है।

**तीन दिन पहले मरम्मत हुई सड़क फिर उखड़ी:** तेज बारिश के कारण सनावद रोड फिर से खराब हो गई। इस सड़क की मरम्मत महज तीन दिन पहले ही की गई थी। इसके अलावा खंडवा रोड और सराफा बाजार समेत कई इलाकों में करीब एक फीट तक पानी भर गया। जलभराव और सड़क क्षतिग्रस्त होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**हाईवे पर भी आवाजाही प्रभावित:** बारिश के कारण खंडवा-बड़ोदरा हाईवे और सनावद रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। सड़क पर पानी और खराब स्थिति के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कुंदा और वेदा नदी में बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए निचले इलाकों में लगातार निगरानी की जा रही है। सतपुड़ा क्षेत्र में बारिश रुकने के बाद अपरवेदा बांध का एक गेट सवा मीटर खोला गया है, जिससे बांध के जलस्तर को नियंत्रित किया जा सके।

**इस साल अब तक 24.3 इंच बारिश:** जिले में इस साल अब तक कुल 24.3 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। जिले की सालाना औसत बारिश 32.6 इंच है। पिछले साल इसी अवधि तक केवल 12.7 इंच बारिश हुई थी। इस लिहाज से इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में काफी ज्यादा बारिश दर्ज हुई है।

**पिछले 24 घंटे में भी हुई बारिश:** बीते 24 घंटों के दौरान खरगोन में 1.7 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा भीकनगांव और झिरन्या में आधा-आधा इंच बारिश हुई। गोगांवा, भगवानपुरा, कसरावद, महेश्वर, बड़वाह और सनावद में भी हल्की बारिश दर्ज की गई।

# सीहोर में सीवन नदी पुल से ऊपर बह रही

## 24 घंटे में 4.4 इंच बारिश, शहर के कई इलाकों में सड़कों पर 2-2 फीट पानी

**मीडिया ऑडीटर, सीहोर (निप्र)।** सीहोर जिले में पिछले तीन दिनों से बारिश का दौर जारी है। बुधवार देर रात और गुरुवार सुबह हुई तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। जिला मुख्यालय में सीवन नदी उफान पर आ गई। हनुमान फाटक स्थित पुल के ऊपर से पानी बहने लगा, जिससे आवागमन बाधित हो गया। बुधवार देर रात करीब तीन घंटे तक तेज बारिश हुई। इससे शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। इंग्लिशपुरा, फ्रीगंज, मेन बाजार, गंगा आश्रम, रानी मोहल्ला, नेहरू कॉलोनी, वाल्मीकि नगर और मछलीपुल की सड़कें जलमग्न हो गईं। कुछ स्थानों पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया। निचले इलाकों में घरों और दुकानों के बाहर तक पानी पहुंच गया।



**24 घंटे में सीहोर में 4.4 इंच बारिश:** भू-अभिलेख विभाग के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार 13 अगस्त सुबह समाप्त हुए 24 घंटे में सीहोर शहर में 4.4 इंच बारिश दर्ज की गई। 1 जून से अब तक सीहोर में कुल 32.2 इंच बारिश हो चुकी है।

इसी अवधि में इछावर में 0.7 इंच, श्यामपुर में 0.6 इंच, रेहटी में 0.3 इंच और आष्टा में 0.2 इंच बारिश दर्ज की गई। जिले में 1 जून से अब तक औसतन 26.3 इंच बारिश हुई है। पिछले साल इसी अवधि तक 26.5 इंच बारिश दर्ज की गई थी। जिले की सामान्य औसत बारिश 45.2 इंच है।

**अगले 24 से 48 घंटे बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान:** मौसम विभाग के अनुसार मध्य प्रदेश के मध्य भाग के ऊपर मजबूत चक्रवाती परिसंचरण और कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। मानसूनी ट्रफ लाइन भी प्रदेश के ऊपर से गुजर रही है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण सीहोर और आसपास के क्षेत्रों में बारिश हो रही है।

अगले 24 से 48 घंटे तक जिले में मानसून सक्रिय रहने का अनुमान है। इस दौरान रुक-रुककर मध्यम से भारी बारिश और गरज-चमक हो सकती है। नदियों और नालों के उफान को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। लोगों से उफान वाले पुल-पुलियों को पार नहीं करने और सतर्क रहने की अपील की गई है।

## बैतूल में मानसून फिर पड़ा कमजोर

# 3 दिन में सिर्फ 7.6 मिमी बारिश, 15 से 17 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट

**मीडिया ऑडीटर, बैतूल (निप्र)।** बैतूल जिले में मानसून की रफ्तार एक बार फिर धीमी पड़ गई है। पिछले तीन दिनों में वर्षामापी केंद्र पर महज 7.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही इस मानसून सीजन में जिले में अब तक कुल 422 मिमी बारिश हो चुकी है। हालांकि मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान ने आने वाले दिनों में अच्छी बारिश की उम्मीद बढ़ा दी है।

**तीन दिन में सिर्फ 7.6 मिमी बारिश:** बारिश के आंकड़ों के मुताबिक, बैतूल में 11 अगस्त को 1.2 मिमी, 12 अगस्त को 4.4 मिमी और 13 अगस्त की सुबह 8 बजे तक 2 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस तरह तीन दिनों में कुल 7.6 मिमी बारिश हुई और प्रतिदिन औसत करीब 2.5 मिमी रहा।

अगस्त के शुरुआती दिनों में बारिश की कमजोर रफ्तार से किसानों और आम लोगों की चिंता बढ़ी है। हालांकि आने वाले दिनों में मानसूनी गतिविधियां बढ़ने का अनुमान है।



**पिछले साल से 38 मिमी आगे:** बैतूल में इस साल अब तक हुई बारिश पिछले वर्ष की समान अवधि से अधिक है। 13 अगस्त तक पिछले साल 384 मिमी बारिश दर्ज की गई थी, जबकि इस साल आंकड़ा 422 मिमी पहुंच गया है। यानी पिछले साल की तुलना में करीब 38 मिमी या लगभग 10 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है।

इसके बावजूद जिले की सामान्य औसत वर्षा 1083.9 मिमी है। इस लिहाज से अब तक सामान्य बारिश का करीब 39 प्रतिशत ही दर्ज हुआ है।

### ● 15 अगस्त से बढ़ सकती है बारिश

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 13 अगस्त के जिला-वार पूर्वानुमान के अनुसार, बैतूल में अगले कुछ दिनों में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है।

### ● 13 अगस्त कुछ स्थानों पर हल्की बारिश

14 अगस्त: कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश 15 अगस्त: कई स्थानों पर मध्यम बारिश 16 अगस्त: कई स्थानों पर मध्यम बारिश 17 अगस्त: हल्की से मध्यम बारिश की संभावना 15 अगस्त को तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने 15 अगस्त को बारिश के साथ गरज-चमक और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है। वहीं 16 और 17 अगस्त को भारी बारिश के साथ गरज-चमक और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी मध्यप्रदेश में भी 13 से 15 अगस्त तक भारी और 16-17 अगस्त को बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

### ● अगले 4-5 दिन अहम

मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए बैतूल के लिए अगले चार से पांच दिन महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। यदि 15 से 17 अगस्त के बीच अच्छी बारिश होती है तो जिले में सामान्य बारिश की कमी कुछ हद तक पूरी हो सकती है। फिलहाल बैतूल में मानसून का आंकड़ा पिछले साल से थोड़ा आगे है, लेकिन सामान्य औसत से अभी काफी पीछे है। ऐसे में अब लोगों और किसानों की नजर स्वतंत्रता दिवस से शुरू होने वाले बारिश के संभावित दौर पर टिकी हुई है।

## यूरिया उर्वरक का अनावश्यक भंडारण न करें किसान

### 10 बोरी से अधिक यूरिया क्रय करने वाले किसानों का होगा सत्यापन

**मीडिया ऑडीटर, सीहोर (निप्र)।** शासन के निर्देशानुसार 30 जुलाई 2026 से ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली में आंशिक संशोधन कर उर्वरक वितरण हाइब्रिड मोड से किया जा रहा है। किसानों द्वारा पूर्व में ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली से उर्वरक क्रय किया जा चुका है, जो पीओएस मशीन में भी दर्ज किया गया है। इस व्यवस्था के तहत 10 बोरी से अधिक यूरिया क्रय करने वाले किसानों का विभागीय अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जा रहा है। अधिक मात्रा में यूरिया उर्वरक क्रय करने वाले किसानों को उसका औचित्य बताना अनिवार्य होगा। अनावश्यक रूप से उर्वरक का भंडारण करने वाले किसानों एवं उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कृषि उपसंचालक श्री अशोक उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष अलनीनो के प्रभाव से वर्षा की कमी के कारण गेहूं की बोनी कम होने की संभावना है। वर्षा की कमी से खरीफ फसलों की बुवाई भी प्रभावित हुई है। आगामी रबी मौसम में गेहूं एवं अन्य फसलों की अपेक्षाकृत कम मात्रा में नत्रजन की आवश्यकता होने की संभावना है। इसलिए किसानों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से, विशेषकर यूरिया उर्वरक का भंडारण न करें।

# विश्व कप के बाद सफलता की भूख बढ़ी, चैंपियंस ट्रॉफी खास होगी: जेमिमा रोड्रिग्स

**नई दिल्ली ,एजेसीं।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के धाकड़ बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का मानना ??है कि टीम की वनडे विश्व कप 2025 में जीत ने सफलता की भूख को और बढ़ा दिया है। जेमिमा पहले महिला चैंपियंस ट्रॉफी में भी खिताबी जीत को दोहराने के लिए उत्सुक हैं। रोड्रिग्स ने जियोस्टार पर कहा, 'हमने एक बार सफलता का स्वाद चखा है। हम जानते हैं कि टॉप पर होना कैसा लगता है। आप जितना ज्यादा इसका स्वाद चखते हैं, उतना ही ज्यादा आप वहां पहुंचना चाहते हैं। हमारी टीम



इसके लिए काम कर रही है। चैंपियंस ट्रॉफी बहुत खास होने वाली है। यह महिला क्रिकेट में पहली बार हो रहा है। मैं भी पहली बार इसका हिस्सा बनूंगी। इसलिए यह बहुत खास होगा। मैं सच में इसका इंतजार कर रही हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मानसिकता के हिसाब से, कुछ भी नहीं बदलता है। यह टीम के बारे में है और टीम हमेशा जीत के बारे में सोचती है। '

चैंपियंस ट्रॉफी पर अपना पूरा फोकस करने से पहले, भारतीय टीम को दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मल्टी-फॉर्मेट सीरीज खेलनी है। सीरीज में 1 टेस्ट, 3 वनडे और 3 टी20 मैच खेले जाने हैं।

दक्षिण अफ्रीका दौरे के बारे में जेमिमा ने कहा, 'यह पक्का एक बहुत ही रोमांचक सीरीज होने वाली है। दोनों टीमें बहुत अच्छा कर रही हैं। हाल ही में हमारे बीच बहुत मुकाबला हुआ है और हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बहुत सारे मैच खेले हैं। दुनिया की दो टॉप टीमें जब साउथ अफ्रीका में एक-दूसरे का सामना करेंगी, तो यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है। हम सच में इसका इंतजार कर रहे हैं। '

जेमिमा भारतीय मध्यक्रम बल्लेबाजी की सबसे मजबूत कड़ी हैं। विश्व कप 2025 में उनकी भूमिका अहम रही थी। चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम इंडिया उनसे विश्व कप की तरह ही करिश्माई प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

# कैनेडियन ओपन: राफेल जोडार ने आर्थर फिल्स को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

**मॉन्ट्रियल ,एजेसीं।** राफेल जोडार ने कैनेडियन ओपन में आर्थर फिल्स को 7-6 (5), 6-3 से हराकर अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में जगह बनाई। 19 साल के स्पेन के जोडार 2018 के बाद से कैनेडियन ओपन में पुरुषों के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले टीनेजर बन गए। जोडार ने साल की शुरुआत नंबर 165 की रैंकिंग से की थी। फ्रांसीसी खिलाड़ी पर अपनी जीत के साथ, वह लाइव रैंकिंग में नंबर 11 पर पहुंच गए। साल के अपने चौथे एटीपी टूर सेमीफाइनल (माराकेश, बार्सिलोना और वाशिंगटन के बाद) में पहुंचकर, जोडार ने एटीपी रैंकिंग के टॉप 10 में शानदार बढ़त हासिल करने की अपनी कोशिश जारी रखी। दूसरे नतीजों के आधार पर, वह कनाडा में खिताब जीतकर नंबर 9 तक पहुंच सकते हैं।



शुरू में दो गेम के स्विंग के बाद, जोडार ने एक ब्रेक पॉइंट बचाया, फिर 2-0 से ब्रेक किया। उन्होंने अपने रिटर्न और शानदार बेसलाइन प्ले से फिल्स पर लगातार दबाव बनाया।

फिल्स ने 0-3 पर दो ब्रेक पॉइंट और फिर 1-4 पर तीन और ब्रेक पॉइंट बचाए। फिल्स ने सातवें गेम की शुरुआत जोडार को 28-शॉट की रैली में हराकर की। एक और लंबी रैली में दोनों ने क्रॉसकोर्ट फोरहैंड मारे, इससे पहले कि फिल्स फिर से जीत गए।

सर्विस पर वापस आकर और 4-5, 30-0 पर सर्व करते हुए, बारिश फिल्स के लिए गलत समय पर आ गई। लगभग एक घंटे के ब्रेक के बाद, खेल फिर से शुरू होने पर फिल्स 5-5 से बराबरी पर आ गए। रुकावट के बावजूद, रैलियां रोमांचक बनी रहीं। जोडार ने 11वें गेम की शुरुआत 25-शॉट की लंग बस्टर रैली को वॉली विनर के साथ खत्म करके की। टाईब्रेक का एकमात्र मिनी-ब्रेक तब आया जब जोडार ने लाइन के नीचे एक बैकहैंड मारा। फिल्स ने अपना फोरहैंड स्वाइप वापस खेल में ला दिया, लेकिन जोडार ने 2-1 के लिए एक परफेक्ट ड्रॉप शॉट लगाया। दूसरे सेट में एक और ड्रॉप शॉट ने उसे 2-1 के लिए ब्रेक दिलाया, जिससे फिल्स ने अपनी निराशा अपने रैकेट पर निकाली। वह सर्व पर वापस आ गया लेकिन जोडार ने 4-3 के लिए जवाब दिया।

### सिंकफील्ड कप

# आर. प्रज्ञानानंद ने जावोखिर सिंडारोव पर हासिल की बड़ी जीत

**सेंट लुइस ,एजेसीं।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने सिंकफील्ड कप के दूसरे राउंड में वर्ल्ड चैंपियनशिप चैलेंजर जावोखिर सिंडारोव पर बड़ी जीत हासिल की। सैम सेवियन के खिलाफ ड्रॉ के बाद, प्रज्ञानानंद ने सिंकफील्ड कप 2026 में अपनी पहली जीत हासिल की, और 1.5/2 पॉइंट्स के साथ चार अन्य खिलाड़ियों के लीडर्स ग्रुप में शामिल हो गए। आर. प्रज्ञानानंद रूक-नाइट एंडगेम में दबाव बना रहे थे, और सिंडारोव ने गलती कर दी। प्रज्ञानानंद ने छह घंटे लंबा मैराथन गेम 95 चालों में जीत लिया। चाल 46 पर बहुत सारे एक्सचेंज के बाद, खिलाड़ियों ने रूक और नाइट को 2 पॉन्स बनाम रूक और नाइट बनाम 1 पॉन के साथ एंट्री दी। चाल 82 पर, सिंडारोव ने एक गलती की, और प्रज्ञानानंद ने बढ़त करते हुए जीत पक्की कर ली। 20 साल के इस खिलाड़ी ने अपने कैंपेन की शुरुआत अमेरिकन सैम सेवियन के खिलाफ ड्रॉ से की थी और आधे पॉइंट के साथ दूसरे राउंड में एंट्री की थी। सिंडारोव पर जीत ने अब उन्हें खिताब की दौड़ में ला दिया है।



टूर्नामेंट में तीन और अहम नतीजे आए। एरोनियन ने विंसेंट कीमर को हराया, एमवीएल ने सेवियन को हराया और वेस्ली सो ने जॉर्डन वैन फॉरेस्ट को हराया।

आर. प्रज्ञानानंद का अगला मुकाबला राउंड 3 में कीमर से होगा। यह मुकाबला बुधवार रात भारतीय समयानुसार 10:30 बजे से खेला जाएगा। दो राउंड के बाद, पांच खिलाड़ी 1.5/2 के साथ लीड साझा कर रहे हैं। टॉप पर लड़ाई पहले से ही तेज हो रही है।

आर. प्रज्ञानानंद की बात करें तो अपना पहला रैपिड और ग्रैंड चेस टूर के पहले यूएस लेग के तौर पर 2026 सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज में ब्लिट्ज खिताब जीता। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने 18 में से 12 पॉइंट्स के साथ रैपिड सेक्शन में टॉप करके अपनी जीत पक्की की, और ब्लिट्ज में ओवरऑल खिताब अपने नाम किया। इस प्रदर्शन के बाद वह अपने करियर में पहली बार वर्ल्ड रैपिड रैंकिंग के लाइव टॉप 10 में पहुंचे।

# फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रोड्रिग्ज से की शादी

## 10 साल की डेटिंग के बाद रचाई कोर्ट मैरिज

**नई दिल्ली,एजेसीं।** ठीक एक साल पहले की थी सगाई, रोनाल्डो के हैं 5 बच्चे, हाल ही में खेला करियर का आखिरी फीफा विश्व कप पुर्तगाल। दुनिया के महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी लंबे समय से साथी रही गर्लफ्रेंड और स्पैनिश मॉडल जॉर्जिना रोड्रिग्ज से शादी रचा ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों ने मंगलवार को एक निजी समारोह में सिविल मैरिज (कोर्ट मैरिज) की। शादी के बाद रोनाल्डो और जॉर्जिना ने सोशल मीडिया पर अपनी अंगूठियां दिखाते हुए तस्वीरें साझा की हैं।



2016 में हुई थी मुलाकात, पिछले साल की थी सगाई

2016 से थे साथः रोनाल्डो और जॉर्जिना की पहली मुलाकात साल 2016 में मैड्रिड में हुई थी। वर्ष 2017 की शुरुआत में ज्यूरिख में आयोजित फीफा फुटबॉल अवार्ड्स के दौरान दोनों ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपने रिश्ते की पुष्टि की थी। 12 अगस्त 2025 को सगाईः ठीक एक साल पहले, 12 अगस्त 2025 को दोनों ने सगाई की थी।

परिवार और बच्चेः रोनाल्डो कुल 5 बच्चों के पिता हैं। इनमें से चार बच्चे जॉर्जिना के साथ हैं–एवा मारिया और मातेओ (2017 में सरोगेसी से जन्म), अलाना मार्टिना (2017 में जन्म) और बेला एस्मेराल्डा (2022 में जन्म)। रोनाल्डो के सबसे बड़े बेटे क्रिस्टियानो रोनाल्डो जूनियर का जन्म 2010 में हुआ था।

**फीफा विश्व कप 2026 के बाद लिया संन्यास–** रोनाल्डो ने हाल ही में आयोजित फीफा विश्व कप 2026 में पुर्तगाल टीम का प्रतिनिधित्व किया था, जो उनका अंतिम विश्व कप साबित हुआ।

27 मैच, 11 गोलः राउंड ऑफ 16 में स्पेन से 1-0 की हार के साथ ही पुर्तगाल का सफर समाप्त हो गया था। रोनाल्डो ने अपने करियर में रिकॉर्ड 27 विश्व कप मुकाबले खेले और कुल 11 गोल दागे।

900 गोल का रिकॉर्डः क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पेशेवर फुटबॉल इतिहास में 900 से अधिक आधिकारिक गोल दर्ज करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी होने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी दर्ज है

# पॉल पोग्बा के साथ कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर सकता है एएस मोनाको क्लब : रिपोर्ट

**नई दिल्ली ,एजेसीं।** फ्रांस के मिडफील्डर पॉल पोग्बा को चोट के कारण बड़ा झटका लग सकता है। लीग 1 क्लब एएस मोनाको पोग्बा का कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने पर विचार कर रहा है। पोग्बा पिछले साल फ्री ट्रांसफर पर एएस मोनाको से जुड़े थे। इससे पहले जुवेंटस के साथ उनका कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया था और उन पर डोपिंग के कारण 18 महीने का बैन लगा था। 32 वर्षीय फ्रांस के मिडफील्डर ने दो साल का करार किया था, जो आने वाले सीजन के अंत तक चलना था। मोनाको में पोग्बा का पहला सीजन चोट के कारण बाधित रहा था, लेकिन उम्मीद थी कि इस सीजन में फ्रांस का यह खिलाड़ी नियमित रूप से खेलेगा।हालांकि, 'बीसीसी' की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उन्हें जल्दी रिलीज करने के बारे में बातचीत चल रही है और उन पर फैसला जल्द ही होने की उम्मीद जताई जा रही है। पोग्बा सितंबर 2023 से प्रतिस्पर्धी मैचों से बाहर थे। 20 अगस्त को 2023-24 सीजन के शुरुआती मैच में उडिनेस के खिलाफ जुवेंटस के लिए खेलने के बाद डोप टेस्ट में फेल होने पर उन पर बैन लगा दिया गया था। वह डीएचईए के लिए पॉजिटिव पाए गए थे, जो एक प्रतिबंधित पदार्थ है और शरीर में टेस्टोस्टेरोन के स्तर को बढ़ाता है। हालांकि, पोग्बा की मैनेजमेंट टीम ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स (सीएएस) में इस फैसले को चुनौती दी थी। सीएएस ने चार साल के सस्पेंशन को बरकरार रखा, लेकिन बैन को घटाकर 18 महीने कर दिया। यह बैन पिछले साल मार्च में खत्म हुआ, जिससे वह अपना प्रोफेशनल करियर फिर से शुरू करने के लिए तैयार हुए।



जून 2025 में पॉल पोग्बा को मोनाको ने साइन किया। हालांकि, मोनाको में उनके कार्यकाल का बमुश्किल एक साल ही बीता है कि उन्हें एक बार फिर किसी दूसरे क्लब की तलाश करनी पड़ सकती है। पोग्बा ने 2011 में मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ अपना प्रोफेशनल डेब्यू किया था। साल 2012 में वह जुवेंट्स से जुड़े और उन्होंने वास्तव में शीर्ष स्तर पर अपनी पहचान बनाई। जुवेंट्स के साथ उन्होंने लगातार चार सीरी ए खिताब (2013 से 2016 तक) जीते।

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में

# राजवंश पब्लिक स्कूल की सान्वी ने जीता रजत पदक

**जयपुर,एजेसीं।** 5वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2026 में राजवंश पब्लिक स्कूल की नन्हीं खिलाड़ी सान्वी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के 1ह्यह्ल क्क्द्द-ह्ल्द्दद्द ह्द्धद्धद्धष्द्धड्ड्य वर्ग के 16 किलोग्राम भार वर्ग में सान्वी ने अपनी खेल प्रतिभा, आत्मविश्वास और अनुशासन का प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान सान्वी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ मुकाबलों में हिस्सा लिया और अपनी मेहनत व खेल कौशल से सभी को प्रभावित किया। रजत पदक जीतने पर विद्यालय परिवार और सान्वी के अभिभावकों में खुशी का माहौल




है। सान्वी के प्रदर्शन पर कोच नितिन जोलिया ने कहा कि प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने सान्वी सहित सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह मेहनत जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

सान्वी की उपलब्धि पर राजवंश पब्लिक स्कूल की निदेशक सीता चौहान, सचिव अनिमेष चौहान तथा उनके माता-पिता खुशबू एवं राहुल महावर ने उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने सान्वी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य नवल जैन ने भी सान्वी की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सभी का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और चुनौतियों का सामना करने की भावना विकसित होती है।

सान्वी के रजत पदक जीतने पर राजवंश पब्लिक स्कूल परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिवार ने सान्वी को उसकी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उसके खेल जीवन में निरंतर सफलता की कामना की।

# 'मुझे नहीं लगता ज्यादा दिन खेल पाऊंगा'

## पिता के निधन से टूटे लियोनेल मेसी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने किया खास मैसेज

**नई दिल्ली,एजेसीं।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में 8 गोल करने वाले स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पर दुखों का पहाड़ टूटा है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए अपने पिता के निधन की खबर शेयर की। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे विश्व कप के दौरान कैसे वह पिता की तबीयत खराब होने के बावजूद यह गम लेकर मैदान पर उतर रहे थे। वहीं मेसी ने यह भी बताया कि उनके पिता ने ही पिछले विश्व कप के बाद 2026 विश्व कप में उन्हें खेलने के लिए कहा था। अब पिता के निधन से मेसी टूट गए हैं, उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता ज्यादा दिन खेल पाऊंगा।




अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने बुधवार को अपने पिता जोर्ज को श्रद्धांजलि देते हुए उनके नाम एक लेटर शेयर किया। उनके पिता का निधन पिछले हफ्ते हुआ था। मेसी के शुरुआती करियर में उनके पिता ने ही उन्हें कोचिंग दी। यही कारण है कि मेसी उनके निधन से एकदम टूट गए हैं। वहीं मेसी के लिए पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भी खास मैसेज शेयर किया है। उन्होंने मेसी और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है और इस कठिन समय में गले लगाने की बात कही।

### पिता ने ही मेसी को वर्ल्ड कप खेलने को कहा

लियोनेल मेसी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'डैड, मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि आप हमारे बीच नहीं हैं। मेरे लिए यह बहुत मुश्किल है कि मैं आपको अब कभी नहीं देख पाऊंगा, हम कभी बात नहीं कर पाएंगे। मुझे पता है कि आप दर्द में थे और जो हुआ आपके लिए सही है, लेकिन आप बहुत जल्दी चले गए। आपने मुझे पिछले वर्ल्ड कप में (2026 फीफा) खेलने के लिए कहा। कुछ ही दिन पहले जब वह शुरू हुआ तो आपकी हालत बिगड़ने लगी। यह पहला मौका था जब आप टूर्नामेंट में मौजूद नहीं थे लेकिन मां ने मुझे कहा कि आप सही हो रहे हैं और जल्द ही टूर्नामेंट में आएंगे। ' मेसी ने आगे लिखा, 'मैंने आपसे कहा था कि हम फाइनल में जाएंगे। जब मैच खत्म होता था मैं आपके मैसेज का इंतजार करता था और उन्हें मिस भी करता था। हम फाइनल में पहुंचे लेकिन आप वहां नहीं आ पाए। मैं आपके लिए यह जीतना चाहता था। मैं नहीं कर पाया, मेरे पैर और ज्यादा नहीं कर पा रहे थे। मैं इस बार अपने शरीर के खिलाफ जाकर खेला, लेकिन नहीं कर पाया। मैं एक पल भी अच्छा नहीं महसूस कर पाया।

### आईसीसी रैंकिंग: टी20 सीरीज गंवाने के बावजूद

# पाकिस्तानी महिला खिलाड़ियों की रैंकिंग में सुधार

**दुबई ,एजेसीं।** आईसीसी ने ताजा महिला टी20 प्लेयर रैंकिंग जारी की है। भले ही पाकिस्तान ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज 1-2 से गंवाई, लेकिन इसके बावजूद नाशरा संधू, शवाल जुल्फिकार और तुबा हसन की रैंकिंग में शानदार सुधार हुआ है। नाशरा संधू ने श्रीलंका के विरुद्ध तीसरे टी20 मैच में 17 रन देकर 1 विकेट हासिल किया था। संधू गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें पायदान पर पहुंच गई हैं। बाएं हाथ की स्पिनर ने इस सीरीज में 3 विकेट लिए और 6.72 का शानदार इकॉनमी रेट बनाए रखा। दूसरी तरफ, तुबा हसन गेंदबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की बढ़त के साथ 48वें नंबर पर पहुंच गई हैं। श्रीलंकाई टीम से, कप्तान चामरी अट्टापट्टू अपनी टीम की ऐतिहासिक सीरीज जीत में योगदान देने के बाद 5 स्थान ऊपर चढ़कर 36वें नंबर पर पहुंच गई।

श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम ने साल 2014 के बाद पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 सीरीज अपने नाम की है, जिसमें इमेशा दुलानी की बड़ी भूमिका रही, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' अवॉर्ड जीता। दाएं हाथ की बल्लेबाज ने 61.50 की औसत से 123 रन बनाए और टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 22वें नंबर पर पहुंच गई।

दुलानी ने 31 जुलाई को शुरुआती मैच में शानदार शुरुआत की और मेजबान टीम को छह विकेट और छह गेंदें शेष रहते हुए 177 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। इसके बाद 2 अगस्त को दूसरे मैच में एक और शानदार चेज के साथ सीरीज अपने नाम की।

पाकिस्तान की शवाल जुल्फिकार ने सीरीज में सर्वाधिक 132 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ वह ताजा बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 49वें नंबर पर पहुंच गई। इस बीच ऑलराउंडर्स की सूची में भी बदलाव देखने को मिला, जिसमें श्रीलंका की कविशा दिलहारी एक स्थान ऊपर चढ़कर 13वें नंबर पर पहुंच गई। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने सीरीज में सर्वाधिक विकेट लिए और फाइनल मैच में भी दो विकेट अपने नाम किए।



# नारायणपुर से शुरू हुई बस्तर तिरंगा यात्रा

**उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप ने बाइक चलाकर किया नेतृत्व, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचेगा तिरंगा**



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** बस्तर में शांति, एकता और राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर बुधवार को नारायणपुर जिला मुख्यालय के हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड से 'बस्तर तिरंगा यात्रा 2026' का शुभारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप बाइक पर तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व करते हुए रवाना हुए, जिसे क्षेत्र के विभिन्न समाज प्रमुखों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस्तर तिरंगा यात्रा के आयोजन में शामिल बच्चों से मंत्री द्वय ने उनके बीच पहुंच कर आत्मीयता के साथ मुलाकात की और सभी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने विकास का बिगुल फूंकते हुए सभी को शांति और विकास का संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि यह यात्रा उन क्षेत्रों से होकर गुजरेगी, जहां पहले नक्सली घटनाओं ने लोगों को प्रभावित किया था। उन्होंने कहा कि यात्रा के माध्यम से देश और दुनिया को यह संदेश दिया जाएगा कि इन क्षेत्रों में अब नक्सलवाद समाप्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि नारायणपुर का चयन विशेष उद्देश्य के तहत किया गया है, क्योंकि यह जिला सबसे लंबे समय तक नक्सल प्रभावित रहा है। यात्रा का समापन 14 अगस्त को बीजापुर जिले के करेंगुट्टा पहाड़ी पर तिरंगा फहराकर किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में माओवाद के विरुद्ध नीति बनाकर नियत तिथि पर 31 मार्च 2026 में नक्सलवाद राज्य के साथ साथ देश से समाप्त किया गया है। आज के बाद हर राष्ट्रीय पर्व एवं स्वतंत्रता दिवस पर बस्तर के कोने-कोने तक भारत का तिरंगा पूरी आन, बान और शान से लहराएगा। उन्होंने कहा कि जनवरी 2024 से लेकर अब तक बस्तर के अनेक दुर्गम गाँवों में लगातार राष्ट्रीय पर्वों पर ध्वजारोहण किया गया है। इस स्वतंत्रता दिवस पर बस्तर सम्भाग के 90 से अधिक ऐसे गाँव हैं, जहाँ आजादी के बाद पहली बार इस स्वाधीनता दिवस पर तिरंगा लहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि तिरंगा फहरने का मतलब बाबा साहब के द्वारा लिखा संविधान अब राज्य के कोने कोने पर लागू होगा। श्री शर्मा ने कहा कि आज जब मैं बस्तर के अलग अलग गांवों में जाता हूँ तो बस्तरवासी कहते हैं कि वे खुद को सही मायनों में स्वतंत्र महसूस कर रहे हैं और अब कोई ऐसी ताकत नहीं बची जो भारत के राष्ट्रीय ध्वज को नकार सके। पहले राष्ट्रीय पर्वों पर माओवादियों का फरमान होता था कि अपने घरों में काला झंडा लगाया जाए, आज हर घर में तिरंगा फहर रहा है। इसमें बस्तर के लोगों ने अपने मनोबल और जवानों का अदम्य साहस सहयोग रहा, जिससे नक्सलावाद से मुक्ति पाई है। अब समय आ गया है कि दुनिया के लोग बस्तर को जानें, अब बस्तर के लोग दुनिया में छाने वाले हैं। बस्तर के लोग आगे चलकर नया इतिहास लिखने वाले हैं। गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर में अब लोगों को मूलभूत सुविधाएं, विकास कार्य और सुरक्षा का वातावरण मिल रहा है। शासन बस्तर में सड़क, शिक्षा, कौशल विकास, लघु वनोपज के प्रसंस्करण और रोजगार के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। वहीं विकास कार्यों में गुणवत्ता को लेकर उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वन मंत्री एवं नारायणपुर विधायक श्री केदार कश्यप ने कहा कि कभी नक्सल गतिविधियों का केंद्र माने जाने वाले क्षेत्रों से आज तिरंगा यात्रा निकल रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा उन स्थानों की मिट्टी एकत्रित करेगी, जहां जवानों और नागरिकों ने शहादत दी है। इस मिट्टी का उपयोग भविष्य में बनने वाले स्मारक में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस्तर अब नक्सलवाद से मुक्त होकर विकास और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 12 अगस्त से प्रारंभ होकर 14 अगस्त तक बस्तर के अति-संवेदनशील और भीषण माओवाद प्रभावित रहे इलाकों से गुजरेगी।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रदेश वासियों को दी हरेली की बधाई



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज छत्तीसगढ़ के पहले त्योहार हरेली पारंपरिक तरीके से पूजा-पाठ कर मनाई। उन्होंने नवा रायपुर स्थित अपने शासकीय निवास मे गौमाता एवं कृषि औजारों नांगर, गैती, कुदारी इत्यादि की विधिवत पूजा-अर्चना की। घर के प्रवेश द्वार पर आरोग्य और हरियाली के प्रतीक नीम की डाली लगाई। उन्होंने हरेली पर ईश्वर से प्रदेश मेंउप मुख्यमंत्री श्री साव ने प्रदेशवासियों को हरेली की बधाई देते हुए कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की माटी, खेती-किसानी और लोक संस्कृति से जुड़ा पर्व है। इसमें गेड़ी सहित छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं की झलक देखने को मिलती है। हरेली हमारी संस्कृति और ग्रामीण जीवन की आत्मीयता को दर्शाता है। यह पर्व प्रकृति और अन्नदाता के प्रति सम्मान का भाव भी प्रकट करता है। हमारी लोक परंपराएं और त्योहार हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं।

## ● शहादत को सलाम, हर घर तिरंगे के नामः बीजापुर में गूंजा देशभक्ति का संदेश ●



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत बीजापुर जिले में देशभक्ति से ओतप्रोत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय और सभी ब्लॉक मुख्यालयों में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। 'भारत माता की जय' और देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित बीजापुर जिला लंबे समय तक माओवाद से प्रभावित रहा है। 31 मार्च 2026 को जिले के नक्सल मुक्त होने के बाद यह पहला स्वतंत्रता दिवस है, इसलिए इस बार का उत्सव जिले के लिए विशेष महत्व रखता है।देश की रक्षा के लिए जवानों का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा जिले को नक्सलवाद से मुक्त कराने के दौरान शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम और अन्य अधिकारी उनके घर पहुंचे। अधिकारियों ने शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात की, उन्हें तिरंगा भेंट किया और उनके साहस व बलिदान को नमन किया स अधिकारियों ने कहा कि देश की रक्षा के लिए जवानों का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। उनका साहस और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। तिरंगा रैली में बच्चों और नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी जिलेभर में निकली तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर हिस्सा लिया। रैली के दौरान बच्चों और नागरिकों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गर्व की भावना व्यक्त की।स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय एकता, गौरव और देशभक्ति की भावना के साथ मनाएं अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने जिलेवासियों से अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय एकता, गौरव और देशभक्ति की भावना के साथ मनाएं। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रप्रेम का संदेश पहुंचाना है। बीजापुर में इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस केवल आजादी का उत्सव नहीं, बल्कि शांति की स्थापना और देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी महत्वपूर्ण अवसर है।

## लोक निर्माण विभाग के सचिव ने सड़क एवं भवन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल ने आज रायपुर परिक्षेत्र के सभी संभागों में निर्माणाधीन सड़कों और भवनों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर में पीडब्लूडी मुख्यालय 'निर्माण भवन' में आयोजित बैठक में अधिकारियों से स्वीकृत और निर्माणाधीन कार्यों के साथ ही प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों की निविदा प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष 2024-25 तक के सभी प्रगतिरत कार्यों को 31 मार्च 2027 तक पूर्ण करने के दिए निर्देश दिए। श्री बंसल ने अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन कर हर महीने भुगतान के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता को हर महीने कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा करने को कहा। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री वी.के. भतपहरी, मुख्य अभियंता श्री पी.एम. कश्यप और श्री टी.आर. कुंजाम भी बैठक में मौजूद थे।लोक निर्माण विभाग के सचिव ने फील्ड का दौरा कर और साइट देखने के बाद ही निर्माण कार्यों के प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश विभागीय अभियंताओं को दिए। उन्होंने ठेकेदारों से नियमित संपर्क और समन्वय बनाकर निर्धारित टाइम-लाइन के अनुसार कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने टाइम-लाइन के मुताबिक समय पर काम नहीं करने वाले, लापरवाही बरतने वाले और गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने तथा आगामी निविदाओं के लिए अपात्र करने के निर्देश दिए। विभागीय सचिव ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने और उन्हें समय-सीमा में पूरा करने सुव्यवस्थित तथा योजनाबद्ध ढंग से काम करने को कहा। उन्होंने रायपुर और नवा रायपुर में कार्यों की सहूलियत, बेहतर मॉनिटरिंग और प्रशासनिक कसावट के लिए रायपुर मंडल क्रमांक-1 के चारों संभागों को पुनर्गठित कर कार्यक्षेत्रों का नए सिरे से विभाजन करने को कहा। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप एक ही टेबल पर तीन वर्षों से अधिक समय से काम कर रहे अधिकारियों-कर्मचारियों की सूची तैयार कर 30 सितम्बर तक नई पदस्थापना के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में लोक निर्माण विभाग के रायपुर परिक्षेत्र के सभी संभागों में अनुकंपा नियुक्ति तथा न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा की। श्री बंसल ने पीडब्लूडी-आईएमएस (PWD-IMS) में विभाग के सभी कार्यों की एंट्री 31 अगस्त तक करने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 तथा 2026-27 के प्राथमिकता वाले नए कार्यों के प्राक्कलन भी 31 अगस्त तक जमा करने को कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सेवा सेतु तथा लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों को भी समय-सीमा में सक्रियता से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुविधा और नागरिकों की आवश्यकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अगले पांच वर्षों में सड़कों की जरूरत का आकलन कर प्रस्ताव तैयार करने को कहा। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने निर्माण कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद तत्काल अनुबंध कर कार्यादेश जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निविदा में कार्यपूर्णता के लिए उपयुक्त समय-सीमा के निर्धारण के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश प्रमुख अभियंता को दिए। उन्होंने वर्षा ऋतु, पोल शिफ्टिंग, पाइपलाइन शिफ्टिंग तथा अन्य यूटिलिटीज की शिफ्टिंग की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कार्यपूर्णता के लिए समयावधि निर्धारित करने को कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के बाद तीन महीनों के भीतर फाइनल बिल तैयार करने तथा ठेकेदारों को भुगतान के लिए भी एसओपी बनाने के निर्देश प्रमुख अभियंता को दिए। श्री बंसल ने कार्यपालन अभियंताओं को विभिन्न आयोजनों के बिलों के भुगतान ठेकेदारों को तत्परता से एक महीने के भीतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने चालू मानसून सीजन में सड़कों की पेच रिपेयरिंग और गड्ढा भरने के काम तत्काल करने को कहा।

## मंत्री रामविचार नेताम की पहल से बलरामपुर-रामानुजगंज में जल्द खुलेगा रेलवे रिजर्वेशन काउंटर



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** आदिम जाति और कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के लोगों की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण मांग को प्रमुखता से उठाते हुए केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से आज सुबह दिल्ली में सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मांग पत्र प्रेषित कर बलरामपुर जिला मुख्यालय में शीघ्र रेलवे रिजर्वेशन काउंटर प्रारंभ कराने का आग्रह किया है। मंत्री श्री रामविचार नेताम की मांग पर केन्द्रीय रेल मंत्री ने सहमति प्रदान करते हुए जल्द मांग पूरी करने का आश्वासन दिया। रेल्वे काउंटर बनने से हजारों यात्रों को राहत मिलेगी। मंत्री श्री नेताम ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाले बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में रेलवे रिजर्वेशन काउंटर की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से आम नागरिकों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों तथा मरीजों सहित हजारों यात्रियों को टिकट आरक्षण के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि होती है तथा आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से जिले में रेलवे रिजर्वेशन काउंटर खोलने की मांग लगातार की जा रही है। जनसंख्या, बढ़ती यात्रा आवश्यकताओं तथा क्षेत्रीय विकास को देखते हुए अब यह सुविधा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक हो गया है। श्री नेताम ने केंद्रीय रेल मंत्री से आग्रह किया है कि जनहित एवं जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए बलरामपुर जिला मुख्यालय में रेलवे रिजर्वेशन काउंटर खोले जाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। इससे जिले के हजारों यात्रियों को बेहतर रेलवे सेवाएं उपलब्ध होंगी और उन्हें आरक्षण के लिए दूर-दराज के शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

## बस्तर तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बस्तर अंचल में राष्ट्रभक्ति, शांति और विकास का संदेश लेकर 'बस्तर तिरंगा यात्रा 2026' का आयोजन किया जा रहा है। 13 अगस्त को सुकमा जिले में होने वाली इस तिरंगा यात्रा में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और वन एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप भी शामिल होंगे। राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाना ह मोटरसाइकिलों के माध्यम से आयोजित यह यात्रा बस्तर के उन गांवों और क्षेत्रों तक पहुंचेगी, जो कभी नक्सल हिंसा से प्रभावित थे और अब शांति, सुरक्षा और विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहे हैं। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत इस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। सुकमा के दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचेगी यात्रा 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा चिंगावरम, सुकमा, एर्राबोर, मनीकोंटा, दोरनापाल, पोलमपल्ली, बुर्कापाल, मिनपा-टाड़मेटला, चिंतलनार, जगरगुंडा, सिलगेर और टेकलगुड़ेम होते हुए आवापल्ली और बीजापुर पहुंचेगी। बीजापुर में रात्रि विश्राम किया जाएगा बस्तर अब विश्वास, शांति और विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है यात्रा का उद्देश्य बस्तर की बदलती तस्वीर को देश-दुनिया के सामने लाना, युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना और नक्सल हिंसा में शहीद हुए वीर जवानों एवं नागरिकों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करना है। यात्रा के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि बस्तर अब विश्वास, शांति और विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। साथ ही तिरंगे और संविधान के प्रति सम्मान का संदेश भी दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा। महिला बाइकर्स भी होंगी शामिल बस्तर तिरंगा यात्रा में महिला बाइकर्स की विशेष भागीदारी रहेगी। प्रत्येक जिले से बड़ी संख्या में बाइक राइडर शामिल होंगे। महिला बाइकर्स तिरंगा लेकर यात्रा का हिस्सा बनेंगी। यात्रा में स्थानीय युवा, स्वयंसेवी संगठन, महिला समूह, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, स्काउट-गाइड और जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। 'एक पेड़ शहीदों के नाम' अभियान के तहत होगा पौधरोपणऋ यात्रा के दौरान प्रत्येक शहीद स्थल पर 'एक पेड़ शहीदों के नाम' अभियान के तहत जितने लोग शहीद हुए हैं, उतने ही पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा युवाओं, विद्यार्थियों और खेल प्रतिभाओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नशामुक्ति और साइबर सुरक्षा के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## 211 वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान का आयोजन वभिन्न स्थानों पर होगा ध्वज वितरण और भव्य रैली

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से 211 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), थनौद, नया रायपुर द्वारा कल 13 अगस्त को भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कमांडेंट डॉ. विनोद कुमार टंडन ने जानकारी दी कि इस अभियान के माध्यम से नागरिकों में देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ करने तथा घर-घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा इस कार्यक्रम के तहत 13 अगस्त को प्रातः 10 बजे 211 वाहिनी सीआरपीएफ मुख्यालय, थनौद (नया रायपुर) में झंडा वितरण, प्रातः 10:15 बजे श्री रावतपुरा सरकार चिकित्सा विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान में झंडा वितरण कर देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करेंगे और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद कर और देश के विकास का संकल्प दिलाया जाएगा द्य इसी प्रकार प्रातः 10:25 बजे बालको मेडिकल सेंटर में झंडा वितरण, प्रातः 10:35 बजेः अभनपुर में झंडा वितरण और प्रातः 10:45 बजे राजिम में झंडा वितरण एवं तिरंगा रैली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीआरपीएफ की 211 बटालियन ने आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया बंधुओं से इस राष्ट्रभक्ति के महापर्व में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लेने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इस अवसर पर देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करेंगे और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद कर और देश के विकास का संकल्प दिलाया जाएगा

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने पर जोरः प्राधिकृत अधिकारी शशिकांत द्विवेदी



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 की तैयारियों को समय से पहले अंतिम रूप देने और किसानों को निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) में प्राधिकृत अधिकारी श्री शशिकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान खरीदी, खाद वितरण, वित्तीय प्रबंधन तथा शाखावार कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत उपार्जित धान के निराकरण, मिलर्स द्वारा धान उठाव, भारतीय खाद्य निगम एवं नान में चावल जमा, कस्टम मिलिंग, परिवहन व्यवस्था तथा समितियों में उपलब्ध शेष धान की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को धान के समयबद्ध निराकरण एवं भंडारण क्षमता का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आगामी खरीफ सीजन 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपार्जन केंद्रों की अधोसंरचना, बारदाना उपलब्धता, आवश्यक उपकरण, मानव संसाधन, किसान पंजीयन, सीसीटीवी, इंटरनेट एवं विद्युत व्यवस्था को समय पर पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में उर्वरक वितरण व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की गई। यूरिया, डीएपी, एनपीके सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता, समितिवार वितरण, भंडारण, स्टॉक सत्यापन, परिवहन व्यवस्था तथा आगामी सीजन की मांग के अनुरूप पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लेखा शाखा की समीक्षा के दौरान आय-व्यय, वित्तीय स्थिति, लंबित देयकों की वसूली, भुगतान, ऑडिट आपत्तियों के निराकरण, बैंक मिलान तथा लंबित अग्रिम राशि के समायोजन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही समितियों के लंबित प्रकरणों, शिकायतों एवं विभागीय निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा कर शाखावार जिम्मेदारियां और समय-सीमा निर्धारित की गई। प्राधिकृत अधिकारी श्री शशिकांत द्विवेदी ने सभी शाखा एवं कक्ष प्रभारियों को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें, व्यवसायिक गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा आगामी समीक्षा बैठक में अद्यतन प्रगति प्रस्तुत करें।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी
आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा